हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार, 18 जून 2025

तापमान
अधिकतम 37.4 डिग्री
न्यूनतम 22.2 डिग्री

10 चालान काटने पर नाराज बजरंग दल ने किया चक्काजाम

11 योग शिविर के प्रथम दिन हरित योग मनाया




रूबीस एजुकेशन का NEET-JEE में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन
वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षाओं में संस्था की अयाती बिजुरिया ने XII-CBSE में 98.2% प्राप्त कर संपूर्ण छत्तीसगढ़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, सिमोन बगारिया ने XII में 96.8% तथा NEET 2025 में 602 अंक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ में तीसरा तथा ऑल इंडिया रैंक 1239 प्राप्त किया। JEE में सफल हुए विशाल, पुष्पांजली और 11 अन्य के साथ साथ, नीट 2025 में नमन, भूमि साहू, मीनाक्षी ध्रुव, आस्था, वीणा साहू सहित 27 विद्यार्थी चयनित हो चुके है। सलीम सर के फिजिक्स अध्यापन से सैंकडो विद्यार्थी लाभन्वित हो चुके है। अब हमारी टीम में डॉ. रवि देशमुख (बॉयोलॉजी) तथा रोहित निरंजन (केमिस्ट्री) भी अध्यापन करा रहे है।

छत्तीसगढ़ की सर्वश्रेष्ठ अध्यापन टीम।
ड्रॉपर बैचस हिन्दी व अंग्रेजी मीडियम में प्रवेश प्रारंभ है।
Shop-254, Sector-10, Zonal Mkt, Sec-10, Bhilai, C.G
Mob. : 9425566777, 9039800929
Advt.

## खबर संक्षेप

### हथियार लेकर घूमने वाले तीन गिरफ्त में

**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर लोगों को धमकाने वाले को पुलिस ने पकड़ा है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम कोलिहापुरी सतनामी पारा जैत खाम के पास वीरेंद्र मरकाम नामक युवक चाकू लेकर लोगो को डरा धमका रहा था। घेरबंदी कर उसे गिरफ्तार किया गया। राजा मरकाम, संजय मरकाम को भी पुलिस ने धारदार स्टील चाकू के साथ पकड़ा है।

### कपड़ा दुकान से चोरी युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** कपड़ा दुकान से चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पदमश्री तंवर ने बताया कि मरोदा सेक्टर नेवई निवासी केशव राम का बेटा दुकान बंद कर घर निकल 14 मई की रात को घर निकल गया था। दूसरे दिन सुबह दुकान में पहुंचने पर दुकान का ताला खोलने पर सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। अज्ञात ने छत खोलकर कपडा दुकान में चोरी किया था। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश में जुटी रही। सूचना पर पुलिस ने सीसी कैमरे में फुटेज मिलने पर स्टेशन मरोदा निवासी संदेही करण बिरूली को पकड़ा गया। युवक ने पुलिस को बताया कि इस दुकान में कुछ दिन पहले कपडा खरीदने गया था। तभी दुकान में चोरी का प्लान बनाना स्वीकार किया। आरोपी के निशानदेही पर पुलिस ने सामान जब्त किया। पीड़ित के दुकान से 55 हजार रुपए का सामान पार हुआ था। कार्रवाई में नेवई टीआई आनंद शुक्ला समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### 60 लाख की ठगी का आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** अस्पताल का प्रोजेक्ट डॉयरेक्टर बनाने का झांसा देकर 60 लाख रुपए का ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने हैदराबाद से गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि विनिता गुप्ता की पहचान रंगारेड्डी हैदराबाद तेलंगाना निवासी सिद्धार्थ गौडा से वर्ष 2023 में हुई थी। तब सिद्धार्थ गौडा नये अस्पताल प्रोजेक्ट को हैदराबाद में लॉंच करने का झांसा देकर महिला को भरोसे में लिया था। विनिता को प्रोजेक्ट में डायरेक्टर बनाने के नाम पर 60 लाख रूपये इंवेस्ट कराया। आरोपी को ट्रांजिट रिमांड लेकर हैदराबाद से दुर्ग न्यायालय में पेश किया।

---

### ई-रिक्शा चालकों को न ट्रैफिक सेंस न ही पुलिस का खौफ, हादसों को दे रहा निमंत्रण

# साइलेंस गाड़ी वायलेंट रफ्तार: जिले में 4407 ई-रिक्शा रजिस्टर्ड, जिम्मेदारों के पास नहीं लाइसेंस का कोई रिकॉर्ड

डॉ. संदीप उपाध्याय ▶▶| भिलाई

*दुर्ग जिले में पिछले तीन से चार साल के अंदर ई-रिक्शा की संख्या इतनी बढ़ गई है कि ये ट्रैफिक जाम की समस्या का सबब बनते जा रहे हैं। इनके चलते सड़क दुर्घटना और उससे होने वाली मौतों का आंकड़ा भी तेजी से बढ़ा है। इतना होने के बाद भी आरटीओ और पुलिस प्रशासन को यह तक पता नहीं है कि कितने ई-रिक्शा चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस है और कितनों के पास नहीं।*

परिवहन विभाग के अधिकारियों से जब बात की गई तो उन्होंने कहा कि ई-रिक्शा का चलन होने के बाद जहां मध्यम वर्ग के लोगों को रोजगार मिला वहीं इनकी संख्या इतनी तेजी से बढ़ी है कि अकेले दुर्ग जिले में अब तक 4407 ई रिक्शा का CG 07 रजिस्ट्रेशन हो चुका है। इसके साथ ही राज्य व केंद्र सरकार की ई व्हीकल स्कीम के तहत लोगों को इतनी छूट मिल जा रही है कि सामान्य से सामान्य आदमी महज कुछ हजार रुपए का डाउन पेमेंट करके ई-रिक्शा फाइनेंस करवाकर खरीद ले रहा है। इसके बाद वो लोग बिना लाइसेंस नेशनल हाइवे से लेकर स्टेट हाइवे और शहर की संकरी गलियों तक में इसे तेज रफ्तार में दौड़ा रहे हैं।

हरिभूमि एक्सक्लूसिव





#### बढ़ा सड़क दुर्घटना में मौतों का आंकड़ा

ई-रिक्शा के बढ़ने के कारण शहर की ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ रही है। कारण है कि बिना ट्रैफिक सेंस और परिवहन नियमों की जानकारी के उसे चलाना। पिछले 5 महीनों के आंकड़ों को देखें तो इसके चलते सड़क दुर्घटना में होने वाली मौत और घायलों की संख्या में भी इजाफा हुआ है।



**केस 1**

#### मासूम की मौत

मोहन नगर थाना क्षेत्र में ढाई साल के लड़के को तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने कुचल दिया। मासूम खुशांत दास मानिकपुरी घर के सामने खेल रहा था। ईसी दौरान तेज रफ्तार से ई रिक्शा चालक आया और उसे टक्कर मार दी। हादसे में सुशांत गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल ले जाते तक उसकी मौत हो गई।

**केस 2**

#### तोड़ा रेड सिग्नल

पावर हाउस फ्लाई ओवर ब्रिज के नीचे ई रिक्शा चालक की लापरवाही के कारण सड़क पार कर रहे बीएसपी कर्मी सुखुलाल का पैर टूट गया। बीएसपी कर्मी प्लांट से घर लौट रहा था और रेड लाइट में खड़ा था। इसी दौरान एक ई-रिक्शा तेज रफ्तार में आया और सिग्नल को तोड़ते हुए बीएसपी कर्मी को टक्कर मारा और वहां से नौ दो ग्यारह हो गया।

**केस 3**

#### बाइक सवार घायल

सुपेला चौक पर एक बाइक सवार को विपरीत दिसा से काफी तेजी से आ रहे ई-रिक्शा चालक ने टक्कर मारी। इससे बाइक सवार बाइक लेकर काफी दूर जा गिरा। इसमें उसकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और उसका पैर फैक्चर होने के साथ ही कई जगह चोटें आईं।

#### दुर्घटना का आंकड़ा

| माह | घायल | मौत |
|---|---|---|
| जनवरी | 93 | 38 |
| फरवरी | 81 | 26 |
| मार्च | 84 | 27 |
| अप्रैल | 81 | 30 |
| मई | 82 | 20 |
| जून | 45 | 13 |
| कुल | 466 | 154 |

(ट्रैफिक पुलिस के आंकड़े )

#### परमिट की बाध्यता नहीं

सरकार ने डीजल और पेट्रोल से चलने वाले आटो के लिए परमिट की बाध्यता तो रखी है, लेकिन अभी तक ई-रिक्शा सवारी या फिर मालवाहकों के लिए कोई परमिट की बाध्यता नहीं रखी है। साथ ही ये कम खर्च में काफी दूरी भी तय करता है, इससे भी इसकी संख्या तेजी से बढ़ी है।

#### ई ड्राइविंग लाइसेंस

परिवहन विभाग टू-व्हीलर, लाइट मोटर व्हीकल और हैवी लाइसेंस की तरह ई-रिक्शा चालकों के लिए एक ई ड्राइविंग लाइसेंस बना रहा है। इस लाइसेंस के बनने के बाद लाइसेंस धारक ई-रिक्शा चलाने के लिए अधिकृति हो जाएगा। इसके साथ ही जिन लोगों के पास लाइट मोटर व्हीकल और हैवी या कामर्सियल लाइसेंस है वो भी ई-रिक्शा चला सकते हैं।

#### रजिस्ट्रेशन फीस जीरो

भारत सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार ने मिलकर ई व्हीकल को बढ़ावा देने के लिए रोड टैक्स में काफी छूट दी है। जो भी व्यक्ति 2 अगस्त 2024 से लेकर 2 अगस्त 2026 तक ई-रिक्शा का आरटीओ रजिस्ट्रेशन कराएगा उसका 100 प्रतिशत रोड टैक्स माफ होगा। यानि उसे एक भी रुपए आरटीओ रजिस्ट्रेशन के लिए नहीं देना होगा। इसके बाद फिर 2 अगस्त 2028 तक यह छूट घटकर 50 प्रतिशत हो जाएगा और उसके बाद 2 अगस्त 2029 में 25 प्रतिशत कर दी जाएगी।

---

## मोबाइल दुकान में चोरी करने वाला और खरीदार गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मोबाइल दुकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि अमलेश्वर खुडमुड़ा रोड़ स्थित जयश्री मोबाईल दुकान में अज्ञात ने चोरी कर फरार हो गया था। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी की तलाश में जुटी रही। अमलेश्वर व एसीसीयू टीम आरोपी की तलाश में लगी रही।

- अमलेश्वर थाना क्षेत्र की है घटना, 2.70 लाख रुपए का सामान जब्त
- एसीसीयू और अमलेश्वर पुलिस की कार्रवाई
- आरोपी मजदूर है


सीसीटीवी फुटेज को खंगाला पर मुखबिर ने जानकारी दी कि चिरपिरा भाठागांव टाइल्स मजदूर प्रेम साहू संदिग्ध लग रहा है। पूछताछ करने पर पुलिस को बताया कि रात में मोबाईल दुकान का ताला सरिया से तोड़कर शटर खोलकर चोरी करना स्वीकार किया। सीसीटीवी कैमरा में फोटो ना आए इसलिए आरोपी ने कैमरा के सामने साईन बोर्ड् रख दिया था। आरोपी की निशादेही पर 14 मोाबईल फोन समेत अन्य सामान बरामद किया है। जिसकी कीमत 2. 70 लाख रुपए आंकी गई है। आरोपियों से राड़ सरिया व एक्टिवा वाहन भी जप्त की गई है। पुलिस ने मोबाईल खरीदने वाला खिलेश साहू को भी पकड़ा है। कार्रवाई में प्रभारी उनि रामनारायण ध्रुव की टीम का योगदान रहा है।

---

## छावनी थाना का मामला उलझा हाईकोर्ट ने गिरफ्तारी पर लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की डबल बैंच ने न्यायधीश विभू दत्ता गुरु और मुख्य न्यायायधीश रमेश सिन्हा ने एक याचिका पर निर्णय पारित करते हुए छावनी पुलिस के एक मामले में याचिकार्ता की गिरफ्तारी पर अंतरिम राहत देने हुए रोक लगाई है। न्यायालय सूत्रों के मुताबिक छावनी थाना में वार्ड 21 सुपेला निवासी बी रितिक उर्फ डाका, सुंदर नगर कैम्प 1 एस बलराजू, एस शोभा के खिलाफ 2024 में अपराध कायम कर गिरफ्तारी की तैयारी में पुलिस थी। लेकिन तीनों के पक्ष में हाईकोर्ट ने गिरफ्तारी पर रोक लगाते हुए। छावनी पुलिस को मामले की जांच करने का आदेश दिया है। छावनी पुलिस अब इस मामले में जांच कर हाईकोर्ट में जल्द रिपोर्ट पेश करेगी।



गौरतलब हो कि मामले में पीड़ित पक्ष ने इनके खिलाफ अनाचार, पाक्सो के तहत केस दर्ज कराया था। उसके बाद से इनकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस याचिकाकर्ताओ को खोज रही थी। लेकिन हाईकोर्ट से स्टे मिलने के बाद गिरफ्तारी अब नहीं हो पाएगी। पुलिस को मामले की जांच करनी होगी।

## शराबखोरी करने वालों पर कार्रवाई

**भिलाई।** अड्डेबाजी करने वाले और खुले में शराब पीने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि सिविक सेंटर के आसपास , जयंती स्टेडियम, सेक्टर क्षेत्र के सार्वजनिक स्थानों पर शराबखोरी करने वालो पर अभियान चलाकर कार्रवाई की गई। दो दिनों के भीतर 21 प्रकरण दर्ज किया गया है। सोमवार को टीम गठित कर अभियान चलाया गया। अड्डेबाजी. शराबखोरी करने वाले 21 लोगों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने शराबखोरी करने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है।

## बुजुर्ग को हाईवा ने ठोका, ग्रामीणों ने तोड़फोड़ कर 4 घंटे किया जाम, 1 लाख मुआवजे के बाद हुए शांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

घर सुबह टहलने निकले वृद्ध गोड़पेंडरी निवासी सुखचंद निषाद को हाइवा ने चपेट में ले लिया। हादसे में वृद्ध का दोनों पैर टूट गए। गंभीर रूप से घायल ग्रामीण को अस्तपात भर्ती कराया गया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने हाईवा में तोड़फोड़ की। सड़क को जाम कर दिया। पुलिस समझाइश के बाद मामला शांत हुआ। पुलिस के मुताबिक पाटन दुर्ग मार्ग पर स्थित गोंड़पेंडरी में मंगलवार की सुबह 6 बजे हाईवा सीजी 10 बीटी 8146 ने सुखचंद निषाद को चपेट में लिया। मौके पर एसडीओपी पाटन अनूप लकड़ा, उतई पुलिस की टीम पहुंची। ग्रामीणों को काफी समझाने का प्रयास किया गया लेकिन देर तक सड़क को जाम कर चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते रहे। हाइवा फ्लाई ऐश लेकर सिक्स लेन सड़क के लिए खाली करने निकला था। घायल सुखचंद विवाहित है। परिवार को संभालने वाला घर में वहीं है। हादसे का शिकार होने से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद ग्रामीण करीब चार घंटे तक सड़क को जाम कर खड़े रहे। आक्रोश ग्रामीणों को देख मौके पर उतई, पाटन पुलिस पहुंची। नायब तहसीलदार मनोज रस्तोगी मौके पर पहुंचकर घायल परिजनों से मुलाकात कर चर्चा की। परिजनों की मांग थी कि हादसे के बाद घर में कमाने वाला कोई नहीं है। इस कारण अब इलाज और उनके जीवन यापन के लिए मुआवजा देने की मांग की। हाईवा के मालिक ने परिजनों को एक लाख रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर किया। इसके बाद घायल को निजी अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया।



- उतई थाना क्षेत्र की घटना, मुआवजे की मांग को लेकर आक्रोशित थे ग्रामीण

---

### विधायक के साथ पहुंची शहर सरकार, की कलेक्टर से शिकायत

# कलेक्टर साहेब...भिलाई आयुक्त कर रहे गैरकानूनी काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई नगर निगम आयुक्त के खिलाफ शहर सरकार ही कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव ने भी मोर्चा खोल दिया है। पिछले 13 दिनों से शहर सरकार के मंत्री लालचंद वर्मा निगम आयुक्त के खिलाफ धरने पर हैं। उनके साथ उनके पूरे मंत्री और महापौर भी साथ हैं।

भिलाई विधायक देवेंद्र यादव ने भी धरना स्थल पहुंचकर उनका समर्थन दिया और कहा कि आयुक्त राजीव पाण्डेय नगर निगम के नियम और कायदों को ताक में रखकर काम कर रहे हैं। वो किसी के इशारे पर अपनी मनमानी कर रहे हैं। विधायक देवेंद्र इसी मुद्दे को लेकर मंगलवार शाम 4 बजे बड़ी संख्या में कांग्रेसी नेताओं और महापौर के साथ कलेक्टर अभिजीत सिंह से मिलने पहुंचे। विधायक ने कहा कि नगर पालिक निगम क्षेत्र भिलाई के विकास कार्य में प्रशासनिक भेदभाव हो रहा है। उन्होंने कलेक्टर से कहा कि निगम अधिनियम में स्पष्ट उल्लेख है कि आबादी के अनुसार शहर के मूलभूत कार्यों के लिए शासन फंड उपलब्ध कराती है। उस फंड से वार्डवासियों की मांग, स्थानीय प्रतिनिधियों की अनुशंसा पर प्रशाकीय अधिकारियों को बिना किसी भेदभाव के सभी वार्डों में बराबर राशि उपलब्ध करावाना है, लेकिन भिलाई निगम आयुक्त और उनके मातहत अधिकारी मेयर इन काउंसिल और सामान्य सभा के निर्णय को दरकिनार मनमाने तरीके से कार्य की स्वीकृति दे रहे हैं।

### नगर निगम भिलाई आयुक्त के खिलाफ कांग्रेसियों ने खोला मोर्चा

#### महापौर परिषद की अनुशंसा के बिना हो रहे विकास कार्य

महापौर नीरज पाल ने आरोप लगाया कि निगम में महापौर परिषद की अनुशंसा के बिना विकास कार्य हो रहे हैं। बिना नियम के स्थल परिवर्तन कर दिया जा रहा है। महापौर परिषद के सदस्य आदित्य सिंह ने ईडब्ल्यूएस के तहत कमजोर वर्ग के लिए आरक्षित जमीन पर कब्जा किए जाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने मामले की जांच करवाकर कब्जा करने वालों के खिलाफ अपराध दर्ज कराने की मांग की।



#### लीज निरस्त के बाद भी हो रहा कामर्शियल उपयोग

खुर्सीपार क्षेत्र के पार्षद जगदीश ने आवासीय प्लाट लीज निरस्त होने के बाद भी जमीन का कर्मिशियल उपयोग करने शिकायत की। इस पर कलेक्टर ने जांच कराकर कार्रवाई की बात कही।

#### ढक्कन में 9 लाख खर्च

विधायक ने कहा कि आयुक्त नेहरू नगर में चेंबर के संधारण में 9 लाख खर्च कर दिए।

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री


916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है
★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग

**खबर संक्षेप**

### महापौर से शहर की समस्या दूर करने की मांग

दुर्ग। समाजसेवी संगठन हंसराज नवयुवक मंडल द्वारा दुर्ग निगम के महापौर अल्का वाघमार से कॉलोनी में व्याप्त अव्यवस्थाओं के निराकरण हेतु निवेदन किया गया। जिसमें नाली संधारण, मकानों की जर्जरता व पेयजल, स्ट्रीट लाइट व बढ़ते अपराधों से सुरक्षा जैसे आवश्यक विषयों संबंधित समस्याओं से अवगत कराया गया। महापौर ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को उचित कार्यवाही करने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने बताया शासन से राशि स्वीकृत होने पर त्वरित कार्य प्रारंभ किया जाएगा। ज्ञात हो कि हंसराज नवयुवक मंडल संगठन को गत दिनों रायपुर की मैट्स यूनिवर्सिटी द्वारा सम्मानित भी किया गया। जिसमें पद्मश्री फूलबासन यादव व छ.ग. राज्य बाल अधिकार आयोग की अध्यक्षा वर्णिका शर्मा ने भी संगठन के कार्यों की सराहना की।

### प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन 20 को

दुर्ग। राज्य सूचना आयोग द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के व्यापक प्रचार-प्रसार, प्रशिक्षण के लिए जिलास्तर पर प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं जनसूचना अधिकारियों के लिए कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभागृह में 20 जून को पूर्वान्ह 11.30 बजे से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। उक्त कार्यशाला में अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन में आने वाली समस्या एवं शासन द्वारा जारी पोर्टल के संबंध में चर्चा की जाएगी। प्रशिक्षण कार्यशाला में जिलास्तर के सभी जनसूचना अधिकारी एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों को अनिवार्य रूप से समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

### प्रकाश सांखला बने कैट दुर्ग जिला इकाई के अध्यक्ष

दुर्ग। कैट की दुर्ग जिला इकाई के



अध्यक्ष पद पर प्रकाश सांखला की नियुक्ति की गई है। प्रकाश सांखला दुर्ग सराफ व्यापारी संघ के विगत कई वर्षों से निर्विरोध अध्यक्ष के दायित्व का निर्वहन भी कर रहे है। उनके व्यापारिक हितों के लिए सतत संघर्ष, व्यवस्थित संगठन क्षमता और जनसमर्पित दृष्टिकोण को आधार बनाया गया। उनकी नियुक्ति कैट के शीर्ष नेतृत्व द्वारा संगठनात्मक दक्षता तथा जनसंपर्क कुशलता को देखते हुए की गई है। नियुक्ति की अनुशंसा राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतीय, राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण खंडेलवाल, अमर पारवानी (सह-राष्ट्रीय चेयरमैन) तथा परमानंद जैन (प्रदेश उपाध्यक्ष, छत्तीसगढ़) द्वारा की गई। इन वरिष्ठ नेताओं ने श्री सांखला के नेतृत्व में दुर्ग जिले में कैट की गतिविधियों के विस्तार और व्यापारियों की समस्याओं के समाधान की दिशा में नई ऊर्जा आने की आशा व्यक्त की है।

# पीएम आवास का सपना पूरा करने 94 हजार हितग्राहियों ने लगाई अर्जी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला प्रशासन द्वारा अप्रैल से अब तक चलाए गए मोर द्वार साय सरकार अभियान में जिले से 94 हजार से अधिक लोगों ने आवास बनाने की डिमांड की है। इस अभियान के जरिए करीब 14 हजार लोगों ने खुद से मोबाइल में आवेदन किया है। इस अभियान को राज्य शासन द्वारा अब 26 जून तक कर दिया गया है। जिससे आवास योजना से वंचित भी भाग ले सकेगें।

प्रधानमंत्री आवास योजना के 2.0 आवास का सर्वेक्षण कार्यक्रम कार्य पुन मोबाईल एप्लीकेशन का उपयोग कर चलाया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि, जिला दुर्ग में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण कुल 94787 हितग्राहियों का सर्वे का कार्य किया जा चुका है। जिसमें सहायता प्राप्त सर्वे के द्वारा 80673 एवं हितग्राहियों द्वारा 14114 का स्वयं सर्वे किया गया है। शासन द्वारा सर्वे में 15 मई 2024 तक सर्वे कार्य किया गया। जिसमें छूटे हुए सर्वे के लिए एक और अवसर शासन द्वारा प्राप्त हुआ हैं, समय सीमा बढाकर 26 जून 2024 तक आवास प्लस 2024 मोबाईल एप्लीकेशन का उपयोग करते हुए परिवारो की पहचान हेतु सर्वेक्षण कर सकते है।

**हितग्राही अब 26 जून 2024 तक कर सकेगें सर्वे, समय-सीमा में वृद्धि**

**जनपदवार इस तरह सामने आई डिमांड**

जनपद पंचायत दुर्ग में कुल हितग्राहियों का 24867 का सर्वे किया जा चुका है। जिसमें सहायता प्राप्त सर्वे 19697 एवं हितग्राहियों द्वारा 19697 का स्वयं सर्वे किया गया है। धमधा में 35706 का सर्वे किया जा चुका है। जिसमें 32829 एवं हितग्राहियों द्वारा 2877 का स्वयं सर्वे किया गया है। पाटन में कुल हितग्राहियों का 34214 का सर्वे किया जा चुका है। जिसमें सहायता प्राप्त सर्वे 28147 एवं हितग्राहियों द्वारा 6067 का स्वयं सर्वे किया गया है।



**मौका मिला**

राज्य शासन द्वारा आगामी 26 जून तक आवेदन करने मोहलत बढा दी गई है। हितग्राही पीएम आवास के साइड में जाकर खुद भी आवेदन कर सकते है। -बजरंग दुबे, सीईओ दुर्ग

**वर्ष 2016 से मिले 22 हजार को पक्का मकान**

वर्ष 2016 के बाद से जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 22824 हितग्राहियों को पक्का मकान मिल चुका है। वही वर्ष 2024 में केन्द्र सरकार द्वारा पीएम 2 के तहत एक अप्रैल को नए सिरे से सर्वे कराया गया था। विगत तीस अप्रैल तक किए गए सर्वे में करीब 74085 आवासों का सर्वे ग्राम पंचायत के सचिवों द्वारा किया गया था, वहीं 13558 लोगों ने वेबसाइड के जरिए सेल्फ सर्वे किया था। इन आवेदनों को लेकर अब जिलेभर में भौतिक सत्यापन किया जाएगा। बहरहाल 17 जून तक 94787 आवेदन आ चुके हैं।

**कार्रवाई : पूर्व जनपद अध्यक्ष के निष्कासन का आदेश प्रदेश कार्यालय ने जारी किया**

# बागी चुनाव लड़ना पड़ा भारी, पूर्व जनपद अध्यक्ष सहित पति निष्कासित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पूर्व जनपद दुर्ग की अध्यक्ष रही संतोषी कृष्णा देशमुख को बागी होकर चुनाव लडना भारी पड गया है। प्रदेशाध्यक्ष किरण देव साय की अनुशंसा पर महामंत्री जगदीश रामू रोहरा के जारी आदेश के बाद राजनीतिक गलियारों में खलबली मच गई हैं। इस आदेश के बाद नाराज श्री मति देशमुख ने विधायक ललित चंद्राकर को लेकर भी कई आरोप लगाए है।

दुर्ग जनपद की पूर्व में अध्यक्ष रह चुकी और वर्तमान जनपद सदस्य संतोषी कृष्णा देशमुख को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय से जारी आदेश में पार्टी से 6 वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया गया है। यह निष्कासन उनके द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के दौरान दुर्ग जनपद पंचायत अध्यक्ष पद की अधिकृत दावेदार रही कुलेश्वरी सुखदेव देवांगन जो वर्तमान में जनपद अध्यक्ष हैं। उन्होंने इनके खिलाफ खिलाफ बागी प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ी थी। जिसे लेकर पार्टी हाईकमान ने अनुशासन भंग किए जाने का आधार बताकर बडी कार्यवाही की है। पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण श्री देव जी के अनुशंसा पर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से 6 वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया गया

**प्रदेश अध्यक्ष को दोबारा विचार करने पूर्व जनपद अध्यक्ष ने लिखा पत्र**



**कहा मेरे पति चालीस साल से समर्पित**

पूर्व जनपद अध्यक्ष संतोषी देशमुख के साथ ही उनके पति कृष्णा देशमुख को भी पार्टी से छः साल के लिए निष्कासित किया गया है। श्री मति देशमुख ने कहा है कि, उनके पति वर्ष 1988 से संघ एवं भाजपा से जुडकर पिछले चालीस साल तक काम किया है। वे जनपद में उपाध्यक्ष पद पर भी कार्यरत रह चुके हैं। उनको भी पार्टी से अपनी पत्नी को बागी प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़वाने के आरोप में निष्कासित कर दिया है।



**अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ उतरे थे मैदान पर**

वर्ष 2025 में हुए जनपद अध्यक्ष के चुनाव में कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी नहीं उतारकर संतोषी देशमुख के पक्ष में समर्थन जाहिर किया था। कांटे के मुकाबले में बाजी भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी कुलेश्वरी देवांगन के हाथ लगी थी। इस बीच उपाध्यक्ष का पद कांग्रेस के खेमे में आ गया था। भारतीय जनपा पार्टी ने नगरीय निकाय चुनाव के दौरान तत्काल ऐसे बागी के उपर कार्यवाही की गई थी। लेकिन पंचायत चुनाव में काफी देरी से आदेश जारी किया गया।

**विधायक पर लगाए कई आरोप**

पूर्व जनपद अध्यक्ष संतोषी कृष्णा देशमुख ने इस कार्यवाही को द्वेषपूर्ण तरीके से किए जाने की बात कहकर इस आशय का पत्र प्रदेशाध्यक्ष किरण देव साय को लिखा है। जिसमें उन्होने दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर को लेकर कहा है कि, मै जो तय करूंगा वह संगठन का आदेश होगा। अवमानना बर्दाश्त नही किया जाएगा। उनके अनुसार विधायक ने कहा कि संतोषी कृष्णा देशमुख और संगीता माखन साहू दोनो को सदस्य रहने नही दूंगा। उन्होने कहा इन सभी घटनाक्रम से विधायक की कुण्ठित मानसिकता को प्रमाणित करता है।

## चालान काटने पर नाराज बजरंग दल ने किया चक्काजाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने खडी वाहन पर यातयात विभाग द्वारा चालानी कार्यवाही किए जाने से नाराज बजरंग दल ने चक्काजाम कर दिया था।

- कार्यकर्ताओं ने पटेल चौक के पास किया चक्काजाम समझाईश के बाद हटे

करीब दस मिनट तक पटेल चौक के पास बजरंगदल के कार्यकर्ताओ ने चक्काजाम किया। दुर्ग जिला संयोजक छग प्रांत सौरभ देवांगन ने कहा कि, तीन दिन पहले कार्यकर्ता सुनील वैष्णव के वाहन पर आठ सौ रूपए की चालानी कार्यवाही की गई थी, वही मंगलवार को दूसरी बार पुराना बस स्टैंड, जो पार्किंग की जगह है।

वहां खडे वाहन पर ढाई हजार रूपए की चालानी कार्यवाही यातायात विभाग ने की है। जिसे लेकर विरोध किया गया। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का कहना था कि, विभाग एक ही कार्यकर्ता पर द्वेषपूर्वक कार्यवाही कर रही है। पुलिस जवानों की समझाईश के दस मिनट बाद आंदोलन समाप्त कर दिया।

## रायपुर नाका मुक्तिधाम का हो रहा उन्नयन व सुंदरीकरण कार्य, महापौर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

वार्ड 60 रायपुर नाका स्थित मुक्तिधाम का निरीक्षण महापौर अलका बाघमार ने पार्षद सहित लोक कर्म प्रभारी देवनारायण

- बाउंड्रीवाल के चारों ओर पौधरोपण के दिए निर्देश



चन्द्राकर के साथ मौके पर उपस्थित ठेकेदार को जल्द ही कार्यों को पूरा करने कहा गया। उन्होंने कहा कि मुक्तिधाम क्षेत्र स्थल पर बाउंड्रीवाल के किनारे-किनारे चारों तरफ छायादार पौधरोपण करने के निर्देश दिए। साथ ही मुक्तिधाम में बेहतर साफ-सफ़ाई करने, गाजर घास को काटने के लिए भी निर्देश दिए गए। इस दौरान प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, देवनारायण तांडी, अरुण सिंह,, शिवेंद्र परिहार, रंजिता पाटिल, निखिल खिचारिया, सहायक अभियंता संजय ठाकुर, उपअभियंता पंकज साहू के अलावा ठेकेदार उपस्थित रहे।

वार्ड में प्रतीक्षा शेड व दाह संस्कार के लिए शेड मरम्मत का निर्माण किया जाना है यह कार्य प्रगति पर हैं। इस कार्य के लिए 24 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी तरह मुक्तिधाम के भीतर शेड, नल कनेक्शन, पुराने मंच की रिपेयरिंग करते हुए चारों ओर छायादार वृक्ष लगाने के भी निर्देश दिए गए हैं। महापौर ने बताया कि मुक्तिधाम में आने वाले शोकाकुल परिवारों के नहाने के लिए उचित व्यवस्था करते हुए स्नान स्थल, पीने की पानी की व्यवस्था, पाइप लाइन व्यवस्था, भवन मरम्मत सहित किए जाने के लिए निर्देशित किया गया है।

## प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 20 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मालवीय नगर चौक में 20 जून को प्रातः 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। प्लेसमेंट केम्प में विक्चिन्स कंसलटेन्ट प्राइवेट लिमि के कुल 23 रिक्त पदों हेतु एवं कलर्स चिल्ड्रन हॉस्पिटल दुर्ग के 20 पदों कुल 43 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसमें प्रमोटर्स के 23 पद एवं स्टाफ नर्स के 20 पद शामिल हैं। 10वीं, 12वीं, व्हीटीपी, एनएमजी, एनएम, बीएससी नर्सिंग, डिप्लोमा शैक्षणिक योग्यता धारी आवेदक उक्त प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित हो सकतें है। इच्छुक आवेदक समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण, अंकसूची, पहचानपत्र, मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, पेनकार्ड, ड्रायविंग लाइसेंस, आदि दस्तावेजों के साथ कैंप में हिस्सा ले सकते हैं।

## ज़िले में धान की बुवाई शुरू, डीएपी खाद की किल्लत से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ में मानसून की दस्तक के साथ ही किसानों ने धान की बुवाई का कार्य आरंभ कर दिया है। दुर्ग ज़िले के कई गांवों में किसान खेतों में जुट चुके हैं, लेकिन इस बार डीएपी खाद की किल्लत ने उनकी परेशानी बढ़ा दी है।

- खाद के लिए लंबी कतारों में लगकर खाली वापस

किसानों का कहना है कि, समय पर बुवाई के लिए डीएपी खाद की ज़रूरत होती है। लेकिन समितियों और दुकानों में इसकी उपलब्धता कम है। कई स्थानों पर किसान लंबी कतारों में खड़े होकर भी खाली हाथ लौट रहे हैं। इससे उनकी लागत बढ़ने की आशंका है और समय पर रोपाई प्रभावित हो सकती है। दुर्ग ग्रामीण नंदिनी, पाटन, धमधा और आसपास के इलाकों के किसान बताते हैं कि, उन्हें दो-दो दिन खाद के लिए भटकना पड़ रहा है। कुछ निजी दुकानों में डीएपी मिल भी रहा है, लेकिन वहाँ कीमतें बहुत अधिक हैं। इस संबंध में कृषि विभाग का कहना है कि डीएपी खाद की आपूर्ति के लिए शासन स्तर पर प्रयास जारी हैं और जल्द ही पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाएगी।



**एनपीके की भी समस्या बरकरार**

जिले में डीएपी के आलावा विकल्प के तौर पर एनपीके खाद की भी किल्लत बनी हुई हैं। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि, जल्द से जल्द खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। ताकि धान की खेती पर इसका असर न पड़े। जहाँ एक ओर किसान खेती के लिए मेहनत कर रहे हैं, वहीं डीएपी खाद की कमी उनकी मेहनत पर पानी फेर सकती है। समय रहते इस समस्या का समाधान न किया गया तो आने वाले समय में उत्पादन पर भी असर पड़ सकता है।

## होर्डिंग और पोस्टर की बढ़ी चोरियां, रोक लगाने महापौर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर के चौक चौराहों में लगे बधाई, शुभकामनाओं होर्डिंग, फ्लैक्स व पोस्टर की लगातार चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने की की मांग महापौर अलका बाघमार से की गई। महापौर ने चोरी की वारदात को गंभीरता से लेते हुए विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर कहा कि नगर निगम क्षेत्र में लगने वाले होर्डिंग, फ्लैक्स की चोरी लगातार बढ़ती जा रही है जिसकी शिकायत मिली है। बैठक में महापौर अलका बाघमार ने विभागीय अधिकारियों को होर्डिंग व पोस्टर, फ्लैक्स की सुरक्षा व चोरी की शिकायत के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज करें। बीते कुछ दिनों से नगर निगम क्षेत्र के मुख्य मार्ग व नगर निगम गौरव पथ के विद्युत पोल व निर्धारित स्थलों में लगे बधाई फ्लैक्स, पोस्टर लगातार चोरी हो रहे हैं। जिसे रोकने के लिए महापौर ने कठोर कदम उठाने के निर्देश दिए है।

## संभाग आयुक्त ने कहा- नशे के खिलाफ स्कूल और कॉलेज के आसपास चलाएं अभियान

दुर्ग। संभागआयुक्त एस.एन. राठौर ने संभाग के जिलों की बैठक ली।

- जिले के अधिकारियों की कमिश्नर ने ली बैठक

जिसमें उन्होने सभी जिलों के शैक्षणिक संस्थानों के आस-पास मादक पदार्थों की बिक्री और लोगों में नशे की प्रवृत्ति की रोकथाम हेतु उच्च शिक्षा विभाग और स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रस्तावित कार्य योजना के अनुरूप एनसीसी, एनएसएस एवं स्काउट गाइड के विद्यार्थियों के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाने निर्देश दिए। कमिश्नर ने गिरते जल-स्तर पर चिंता जाहिर करते हुए पीएचई विभाग के अधिकारियों को पानी बचाने हेतु शासन की मंशा के अनुरूप ग्राम पंचायत वार आवश्यक पहल करने कहा। उन्होंने बताया कि संभाग के अंतर्गत बेमेतरा जिले में ग्राम पंचायत वार लोगो ने पानी बचाने के लिए एक मत होकर प्रस्ताव जिला प्रशासन को सौंपा है। उसी का अनुकरण करते हुए संभाग के अन्य जिलों में पीएचई विभाग के माध्यम से यह पहल की जाएं। संभाग आयुक्त ने पीएचई विभाग के अधिकारियों को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से समन्वय कर ग्राम पंचायतों में पानी बचाने हेतु ग्रामीणों से प्रस्ताव व पहल कराने निर्देशित किया। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को स्टॉप डैम, एनीकट आदि की जानकारी ली। साथ ही नदी नालों एवं आस-पास के क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए समय पर पानी रोकने के प्रबंध सुनिश्चित करने निर्देशित किया।

**कलेक्टर ने दिए तैयारियों के निर्देश, स्कूल में किया जाएगा पौधरोपण**

# खालसा स्कूल परिसर में मनेगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आगामी 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन दुर्ग स्थित खालसा स्कूल परिसर में किया जाएगा। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक

- कलेक्टर ने विभागवार कामकाज की समीक्षा बैठक की

लेकर विभागवार कामकाज की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

बैठक में आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 को लेकर खाद्य विभाग को निर्देशित किया गया कि, धान उपार्जन के लिए पीडीएस बारदाना के सुरक्षित भंडारण हेतु ग्राम पंचायतों में यदि संभव हो तो सामुदायिक भवन चिन्हित किया जाएं। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में तत्काल भर्ती करने व नियुक्तियों को लेकर गड़बड़ी की शिकायतें आई हैं, वहां तत्काल जांच कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होने कहा लोक निर्माण विभाग को बरसात शुरू होने से पहले जिले की खराब सड़कों और गड्ढ़ों की मरम्मत शीघ्र पूरी की जाए, ताकि सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सके। शिक्षा विभाग को निर्देश दिया गया कि, विद्यार्थियों के स्थायी जाति एवं निवास प्रमाण-पत्र बनाकर समय पर स्कूलों में वितरित किए जाएं। साथ ही छात्रों के आधार कार्ड में आवश्यक बायोमेट्रिक अपडेट कराने की प्रक्रिया शीघ्र की जाए। जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव पर स्कूल परिसरों में पौधरोपण करने को कहा गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण और छात्र सहभागिता को प्रोत्साहन मिले।



**लंबित प्रकरण निराकरण करने निर्देश**

ई-ऑफिस सिस्टम को प्रभावी बनाने के लिए जिन विभागों ने अब तक डाटा नहीं भेजा है, उन्हें तुरंत जानकारी भेजने को कहा गया। वहीं लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण भी प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए गए। नगर निगम के अधिकारियों को अवैध कब्जा हटाने की कार्यवाही करने कहा। मुख्यमंत्री अन्य पत्र, कलेक्टर जनदर्शन, मुख्यमंत्री जनदर्शन, पीजीएन पोर्टल सहित विभागों में लंबित आवेदनों की विस्तृत समीक्षा की।

**रविशंकर नहीं खालसा में होगा आयोजन**

आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के जिला स्तरीय आयोजन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल में बदलाव की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि बारिश की आशंका को देखते हुए अब यह आयोजन पंडित रविशंकर शुक्ल स्टेडियम के स्थान पर खालसा स्कूल परिसर में किया जाएगा। कलेक्टर ने प्रभारी अधिकारियों, योग गुरुओं और योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को योगाभ्यास कराना सुनिश्चित किया जाएगा।

## योग शिविर के प्रथम दिन हरित योग मनाया



दुर्ग। संचालनालय आयुष छग के निर्देशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ दिनेश चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में दुर्ग जिले के समस्त आयुष संस्थानों द्वारा पांच दिवसीय निःशुल्क योग शिविर के प्रथम दिन को हरित योग के रूप में मनाया गया। जिसका शुभांरभ जनप्रतिनिधियों द्वारा पूजा-अर्चना कर किया गया। जिसमें औषधी पौधों का वितरण एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इसी कड़ी में शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय द्वारा पांच दिवसीय निःशुल्क योग शिविर के प्रथम दिवस में निःशुल्क योग का शुभांरभ करते हुए औषधी पौधों का वितरण, शीत सुधा का वितरण, पाम्पलेट्स वितरण किया गया।

## खबर संक्षेप



### शिक्षा से ही समाज की दशा और दिशा तय

**पाटन।** पीएम श्री विद्यालय अखरा में प्रवेश उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उपस्थित अतिथियों द्वारा स्कूल प्रांगण में स्थापित माता सरस्वती की प्रतिमा का पूजा-अर्चना कर किया गया। इस अवसर पर नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को पुस्तक एवं गणवेश वितरण कर मुंह मीठा कर बधाई और शुभकामनाएं उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों एवं पालको द्वारा दिया गया। तत्पश्चात आए हुए अतिथियों एवं शिक्षक गणों ने अपनी-अपने विचार बच्चों के साथ साझा किया और अपने अनुभवों को बच्चों को बताए इसी तारतम्य मे वार्ड क्रमांक 4 नगर पंचायत पाटन की पार्षद एवं सभापति नेहा बाबा वर्मा ने कहा कि शिक्षा से ही समाज की दिशा और दशा तय होती है, शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं होती, यह जीवन को सही दिशा देने वाली वह शक्ति है जो मानव को अंधकार से उजाले की ओर ले जाती है। शिक्षाविद् सीताराम देवांगन द्वारा बच्चों के पालकों को पढ़ाई में विशेष ध्यान देने के लिए आग्रह किया गया। मंचीय कार्यक्रम के उपरांत आज भारत सरकार द्वारा आयोजित एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम तहत के विद्यालय में अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

## निधन

### गोविंद अवस्थी



**भिलाई।** तितुरडीह दुर्ग निवासी गोविंद अवस्थी का निधन 17 जून को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा कल 18 जून शिवनाथ नदी मुक्तिधाम के लिए दोपहर 12 बजे निकलेगी। वे पं. गोपाल अवस्थी के छोटे भाई और पं अंकित अवस्थी के पिता थे।

### सुमित्रा मिश्रा



**भिलाई।** स्मृति नगर निवासी सुमित्रा मिश्रा 95 वर्ष का निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 18 जून को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे पत्रकार यदुनंदन मिश्रा की मां थीं।

### बीएसएनएल विभाग की नाकाम सेवा से उपभोक्ताओं को हो रही परेशानी

# बीएसएनएल 4जी सेवा ठप, ग्रामीण दूसरी कंपनी के वाई फाई से काम चलाने मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

बीएसएनएल विभाग की नाकाम सेवा से परेशान उपभोक्ताओं ने वर्षों से अधिकारियों से मिल रहे खोखले आश्वासन से खिन्न हो चुके हैं। इन दिनों दूसरे कंपनी की वाई फाई से काम चलाने उपभोक्ता विवश हो उठे हैं। बीएसएनएल सेवा की जानकारी के लिए गूगल से जानकारी चाहा तो पता चला कि दूरसंचार विभाग द्वारा अपनी 4जी बीएसएनएल सेवा के लिए दो स्पेक्ट्रम बैंड 700 मेगाहट्र्ज और 2100 आबंटित किए हैं, लेकिन 4 जी सेवा जामगांव आर एरिया में अभी भी नाकाम है राउंड ले रहा है। विभाग ने 4 जी प्रारंभ होने का आनंद लेने का ढिंढोरा पीट दिया, उपभोक्ताओं ने 4जी सेट भी ले लिया लेकिन आश्वासनों की आदत से लाचार विभाग आश्वासन का तगड़ा नेटवर्क अभी भी बना हुआ है। ना जाने झूठे वादों का पहाड़ कब हटेगा। अच्छी सेवा देने का वादा करने वाले लोगों की चुप्पी उपभोक्ताओं के साथ खुला मजाक बन गया है। किसानों पत्रकारों विद्यार्थियों, दुकानदारों शिक्षण संस्थाओं सहित आम उपभोक्ताओं ने जामगांव आर एरिया में 4जी सेवा प्रारंभ होने से खुशी जाहिर किए और 4जी रैंक का मोबाइल सेट खरीद लिए लेकिन मोबाइल पर नेटवर्क के राउंड राउंड से काफी दुखी और नाकाम सेवा से आक्रोशित होने लगे हैं। ग्रामीण प्रेस प्रतिनिधियों ने बताया कि संध्या के समय महत्वपूर्ण समाचार प्रेस को मेल करना होता है, किसानों को टोकन के लिए नेटवर्क की आवश्यकता होती है, पढ़ाई की दृष्टि से विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी कलेक्ट करनी होती है सब काम पर नाकाम सेवा पानी फेर देता है।

**एसडीओ बागड़े ने कहा सुचारू व्यवस्था के लिए प्रयास जारी**





#### उपभोक्ताओं में आक्रोश

जामगांव आर एरिया में 25000 आमजनता बीएसएनएल की नाकाम 4 जी सेवा से परेशान है। विभाग के अधिकारी अपने फोन सेट पर 4 जी आनंद लेने का टोन सेट कर जले में नमक छिड़कने को काम कर रहे हैं और उपभोक्ता अधिकारी से बात करने के पहले टोन सुनकर हैरान हो जाते हैं कि यहां तो 4जी सेवा राउंड ले रहा है तो आनंद कैसे ले। विभाग के अधिकारियों ने जामगांव आर को प्राथमिकता मिलने का आश्वाशन विगत कई वर्षों से देते आ रहे है। वादा निभाने में नाकाम विभाग की खोखली आश्वासन नीति से उपभोक्ताओं में आक्रोश पनपने लगा है।

#### दिल्ली दरबार की नाकामी अधिकारी बोल नहीं पा रहे

उपभोक्ताओं को विभाग की आश्वासन नेटवर्क के पीछे लगने लगा है कि दिल्ली दरबार से ही अधिकारियों की मांग पूर्ति नहीं हो पा रही है और अधिकारी आश्वासन के झूले में उपभोक्ताओं को विवशता पूर्वक झुलाए जा रहे हैं। मातहत होने के कारण आबंटन की बात उपभोक्ताओं को नहीं बोल पा रहे। लगता है जामगांव आर को 700 मेगाहट्र्ज की स्पेक्ट्रम बैंड उपलब्ध कराई गई जो सेवा में नाकामी का इतिहास लिख रही है।

#### बीएसएनएल ग्राहक बढ़ाने जब बेचते थे सिम

उपभोक्ताओ ने कहा कि बीएसएनएल गांव और शहर में कैंप लगाकर ग्राहक बढ़ाने सिम बेचने स्कीम भी चलाया करते थे। एक दशक पहले सक्रिय अधिकारियों ने योजना बद्ध तरीके से व्यापक मेहनत कर ग्राहक बढ़ाए और अब अधिकारियों की निष्क्रियता के चलते ग्राहक इधर-उधर कंपनी की सेवा लेने के लिए विवश दिखने लगे है। लगता है अधिकारी विभाग के मेहनत पर पानी फेरने लगे है। विभाग व्यवस्था करने में नाकाम रहेगी तो ग्राहकों का दूसरी कंपनी से जुड़ने की सक्रियता बढ़ना स्वाभाविक है। वहीं विभाग के एसडीओ डीके बागड़े ने बताया कि सुचारू व्यवस्था के लिए प्रयास जारी है। फिर भी त्वरित चेक करवाता हूं। जामगांव आर से बोरवाय, भरर, कुम्हली, औरी, भनसूली, टेमरी, रनचीराई, पौहा, जामगांव आर के लगभग 25 हजार ग्रामीण नेट सेवा से लाभान्वित होते हैं। डॉ. एनके चंद्रवशी, पीएल बारले, बुधारू राम, भीखम राठी, चंद्रिका चंद्राकर, भारत निर्मल, पोषण निर्मल, माया कौशिक, नेतराम ठाकुर, राधेश्याम राठी, पवन साहू, विजय चंद्राकर, पुखराज ठाकुर, नरेश केला, मनीष वैद, प्रेमचंद चोरड़िया, शैलेंद्रि मंडावी आदि उपभोक्ताओं ने कहा कि मोदी की गारंटी की तरह गारंटी सेवा उपलब्ध कराने की मांग किए है।

## अंचल की खबरें

### हर्षोल्लास के साथ मनाया प्रवेश उत्सव



**जामगांव आर।** शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला धमना में नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत करते हुए पुस्तक एवं गणवेश वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्राम के मुखिया लोकेश महलवार, ग्राम पटेल जोगी राम साहू, देव कुमार साहू, शिवराज यादव, भुवन लाल साहू, ढाल सिंह साहू, फलेंद्र कुमार साहू, हेमंत ठाकुर, मोहन सोनी, शैली सोनी, गीता साहू, संतरीन सोनवानी एवं शाला परिवार के एम निषाद, सी मरकाम, सुमन साहू, ममता चंद्राकर, रामस्वरूप, नीलकुमार उपस्थित थे।

### भंसुली में मनाया संकुल स्तरीय प्रवेश उत्सव



**जामगांव आर।** एक पेड़ मां के नाम थीम पर संकुल प्रवेश उत्सव शुरू हुआ। संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव जामगांव आर के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भनसुली आर में रखा गया जिसकी शुरुआत सर्वप्रथम एक पेड़ मां के नाम थीम में अतिथि के द्वारा पौधारोपण किया गया एवं नव प्रशिक्षित छात्र-छात्राओं को गुलाल लगाकर माला पहनाकर मुंह मीठा कराकर गणवेश वितरण कर शाला प्रवेश कराया गया। प्रधान पाठक द्वारिका प्रसाद नेताम के द्वारा बच्चों को न्योता भोज कराया। इस अवसर पर रामकुमार चंद्राकर सदस्य जनपद पंचायत पाटन, जीधन ठाकुर सरपंच भनसुली, पंचगण महेश साहू, गुलाब साहू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिला स्व सहायता समूह, चेतना ठाकुर संकुल प्राचार्य, सुरेश महिपाल संकुल समन्वयक एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### नवप्रवेशी बच्चों को निःशुल्क गणवेश वितरण



**सेलूद।** शासकीय प्राथमिक शाला मजार चौक सेलूद में नये शिक्षण सत्र 2025-26 की शुरुआत शाला प्रबंधन समिति के मार्गदर्शन में ग्राम के सरपंच खिलेश मारकंडे की अध्यक्षता में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। शाला प्रवेश उत्सव की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया। पूजा- अर्चना के पश्चात शाला में उपस्थित नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर, मुँह मीठा कराकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात नव प्रवेशी बच्चों को निःशुल्क गणवेश वितरण किया गया। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में उपस्थित पालक वर्ग को सरपंच खिलेश मारकंडे द्वारा बच्चों को साफ-सुधरा गणवेश एवं नियमित शाला भेजने के लिए प्रेरित किया गया। अपने विचार पालक वर्ग के समक्ष सुनाया गया। प्राप्त लक्ष्य के आंकड़े के अनुरूप शाला में शत प्रतिशत दाखिला करना। इस प्रकार प्रथम दिवस उत्साह-उमंग के साथ बच्चों का दिवस बीता । इस अवसर पर सरपंच खिलेश मारकंडे, उपसरपंच राकेश साहू, प्रधानपाठक नीरा वर्मा, पंचगण करण धनकर, इंद्राणी वर्मा, खोइलीन बंजारे, संजय यादव, भागी शिवारे, शिक्षक देवेन्द्र वर्मा, जितेन्द्र ठाकुर, वंदना साहू सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### प्रवेश उत्सव मनाकर विद्यालय परिसर में पौधारोपण



**सेलूद।** विकास खंड पाटन के शासकीय प्राथमिक शाला औंसर में प्रवेश उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। नव प्रवेशी बच्चों की तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा मिठाई व केक से मुंह मीठा किया गया। बच्चों को नवीन पुस्तक व गणवेश वितरण किया गया। एक पेड़ माँ के नाम के तहत विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया गया। बच्चों को खीर पूरी वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रियालता महिपाल सरपंच ग्राम पंचायत औंसर थे उन्होंने बच्चों को पढ़ लिखकर माता पिता, शिक्षक एवं गांव का नाम रोशन करने का संदेश दिया। इस अवसर पर सरिता साहू प्रधान पाठक, दिनदयाल यादव, सत्यभामा, चांदनी कुर्रे, सुनिता, भारती, पुष्पा यादव, रूखमणी यादव, परमिला, धरम बाई भारती, गजेन्द्र भारती, शैलेन्द्र टंडन, तिरीक टंडन व अन्य पालकगण उपस्थित थे।

### न्योता भोज पाकर बच्चों में दिखा उत्साह

**धमधा।** संकुल सेमरिया, विकासखंड धमधा, जिला दुर्ग अन्तर्गत शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला पेंड्रीतराई में नए शिक्षा सत्र का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे के छायाचित्र पर पूजा अर्चना से जन प्रतिनिधियों, एसएमसी सदस्यों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठक थानसिंह चुरेंद्र ने किया, नीलम शशि कुजूर शिक्षिका के द्वारा मधुर आवाज में सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया। संकुल समन्वयक सूर्यकांत हरदेल ने शिक्षको, पालकों, छात्रों, जन प्रतिनिधियों को नए शिक्षा सत्र की बधाई देते हुए, नए शिक्षा सत्र में नई सृजन, ज्ञान का विकास की प्रेरणा देते हुए बच्चो को नियमित अध्ययन करने और पालकों को अपने बच्चो के साथ नियमित जुड़े रहने और निरंतर शाला में भेजने के लिए प्रेरित किया और शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम प्रारंभ किया। बालवाड़ी, कक्षा पहिली और कक्षा छठवीं में नव प्रवेशी बच्चो का स्वागत तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर किया गया। ग्राम पंचायत पेंड्रीतराई के उपसरपंच विजय बघेल ने बच्चो को आशीष वचन देते हुए शिक्षा में बेहतर करने और नैतिकता, सामाजिकता, विभिन्न कौशलो के लिए मार्ग दर्शन दिए। बच्चो को प्रतिदिन शाला आने के लिए प्रेरितकिया। उन्होंने ने शत प्रतिशत उपस्थिति वाले छात्रों को पुरुषकार देने की घोषणा किए। मितानिन और स्वच्छता दीदीयो ने बच्चो को हाथ धुलाई के विभिन्न चरणों से अवगत कराते हुए, नियमित हाथ धुलाई करने के लिए कहा और डेमो दिखाए। शाला प्रारंभ के पहले दिवस प्रधानमंत्री सुपोषण शक्ति निर्माण योजना अन्तर्गत न्योता भोजन का आयोजन मिनी माता महिला स्व सहायता समूह द्वारा किया गया, बच्चो खीर, पूड़ी, आलू छोले के साथ सम्पूर्ण न्योता भोजन खिलाया गया। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में ग्राम पंचायत पेंड्रीतराई के उप सरपंच विजय बघेल, पंच भूषण निषाद, विधायक प्रतिनिधि उर्मिला डहरिया, एसएमसी अध्यक्ष रोषनी खुटेल, संकुल समन्वयक सूर्यकांत हरदेल

### जल्द होगी प्रधान पाठक पद पर पदोन्नति जिला शिक्षाधिकारी ने दिया आश्वासन



**उतई।** नवीन शिक्षक संघ जिला दुर्ग का प्रतिनिधि मंडल विभिन्न मांगों को लेकर जिला शिक्षाधिकारी दुर्ग से मुलाक़ात किया जिसमे नवीन शिक्षक संघ द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश के समय पूर्व में जनगणना समर कैम्प, चुनाव कार्य, प्रशिक्षण सहित अन्य कार्यों को करने वाले शिक्षकों के सेवा पुस्तिका में अर्जित अवकाश उल्लेख करने, शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखने, प्रधान पाठक व शिक्षक के पदों पर पदोन्नति करने सहित अन्य मांगों पर चर्चा किया। जिस पर जिला शिक्षाधिकारी दुर्ग ने प्रधान पाठक के पदों पर जल्दी पदोन्नति प्रक्रिया प्रारम्भ करने सहित सभी मांगो पर उचित निराकरण करने का आश्वासन दिया। मुलाक़ात के दौरान प्रदेश पदाधिकारी गिरीश साहू, दुष्यन्त कुम्भकार, अमितेश तिवारी जिलाध्यक्ष संजीव मानिकपुरी, दीपक साहू, राकेश धनकर, सुनील स्वर्णकार, लक्ष्मीकांत नागवंशी शामिल थे।

## युक्तियुक्तकरण से पीड़ित शिक्षकों ने सांसद विजय को बताई अपनी समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

युक्तियुक्तकरण में कई-कई किलोमीटर दूर दूसरे जिलों में भेज देने से शिक्षकों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और ऐसे प्रभावित शिक्षक शासन की युक्तिकरण की नीति के खिलाफ विरुद्ध आवाज उठा रहे हैं। ऐसे ही प्रभावित शिक्षकों ने यहां सांसद विजय बघेल से मुलाकात की है और उनसे शासन की युक्तियुक्तकरण की नीति में संशोधन करते हुए शिक्षकों को दूसरे जिलों में पदस्थापना करने पर रोक लगाने का आग्रह किया है। दुर्ग जिले में युक्तियुक्तकरण से पीड़ित शिक्षकों ने छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय सह प्रवक्ता ललित कुमार बिजौरा के नेतृत्व में सांसद विजय बघेल से सोमवार को मुलाकात कर जिले के शिक्षकों को जिले से बाहर कबीरधाम जिला, राजनांदगांव, खैरागढ़, छुईखदान और बेमेतरा के अंतिम छोर के गांव में पदांकित किये जाने से पैदा हो रही परेशानियों से अवगत कराया। सांसद विजय बघेल ने पीड़ित शिक्षकों की बात को गंभीरता से सुना एवं मुख्यमंत्री से इस विषय को लेकर चर्चा करने एवं पत्र लिखने तथा अधिकारियों से बात करने का आश्वासन दिया है।



■ विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण को निरस्त की मांग की

प्रभावित शिक्षकों ने बताया है कि युक्तियुक्तकरण के तहत दुर्ग जिले से 257 शिक्षकों को जिले से बाहर पदांकित किया गया है जिसमें अधिकांश महिला शिक्षक हैं। बिजौरा ने विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण को निरस्त करने एवं युक्तियुक्तकरण से प्रभावित शिक्षकों को दुर्ग जिले के ही अंदर समायोजित करने सांसद विजय बघेल से निवेदन किया है। इस अवसर पर 100 से अधिक प्रभावित शिक्षक उपस्थित थे।

## ग्रीष्मकालीन ललित कला प्रशिक्षण शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मोहलई में शौर्य युवा संगठन कोड़िया एवं ज्ञानोदय शिक्षा एवं समाज कल्याण संगठन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन ललित कला प्रशिक्षण एवं खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित होकर माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ सम्मान समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इस अवसर पर कक्षा पहली से लेकर महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों गायन वादन, नृत्य, चित्रकला, मूर्तिकला साहित्य कविता कहानी लेखन का प्रशिक्षण में भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और उत्साह को प्रोत्साहन देने के इस प्रयास की सराहना की।इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि कला के क्षेत्र में युवाओं की प्रतिभा को



■ प्रतिभावान बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान कर किया सम्मानित

निखारने के लिए ऐसे शिविर अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभागियों को अपनी कला को प्रदर्शित करने का एक सुनहरा अवसर मिला। कार्यक्रम में ओम सिंह , कातरो सरपंच जितेन्द्र सोनी आनंद निषाद, टुम्मन पटेल, आदित्य भारतध्वज, दुस्यंत कुम्भकार, दीना निषाद आदि उपस्थित थे।

## शिव महापुराण कथा की तैयारी पूर्ण, कलश यात्रा आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम निकुम में शिव महापुराण कथा की तैयारी पूर्ण हो चुकी है और कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा 19 जून से 23 जून तक स्व. पुनेश्वर भारदीय कॉलेज के बाजू निकुम में कथा सुनाएंगे। यह आयोजन समस्त ग्रामवासी निकुम के द्वारा किया जा रहा है। महापुराण कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा के लिए तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। वहीं 18 जून को कलश यात्रा शीतला मंदिर से कथा स्थल तक सुबह 10 बजे लगभग 3100 कलशधारी महिलाओं के साथ कलश यात्रा भी निकाली जाएगी। कथा दोपहर 1 बजे से शुरू होकर शाम 4 बजे तक चलेगी। संयोजक रूपेश



देशमुख ने बताया कि कथा स्थल पर 150x40 फीट का भव्य स्टेज बनाया गया है, जिसमें आदियोगी शिव कैलाश पर्वत स्थापित की गई है। स्व. पुकेश्वर भारतीय महाविद्यालय के पास मैदान में वाटरप्रूफ पंडाल बनाया गया है, ताकि बारिश में भी भक्तों को कोई परेशानी न हो। लगातार स्थानीय लोग कथा स्थल पर पहुंचकर श्रमदान कर रहे हैं। अंडा पुलिस प्रशासन लगातार व्यवस्था में जुटी हुई है। वहीं 3 लाख लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है, भोजन और पानी की व्यवस्था भी की गई है। कथा सुनने से आध्यात्मिक उन्नति होती है और भगवान शिव की कृपा प्राप्त होती है।

### पाटन हिंदी साहित्य समिति के आयोजन में 'सपनों के स्वर' का हुआ विमोचन

# साहित्य जगत की सर्वाधिक कठिन विधा है कविता लेखनः अनिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

मंच पर अगर नाटक दृश्य माध्यम है तो संगोष्ठी श्रव्य माध्यम, लेकिन कविता अपने लय के कारण दृश्य के साथ श्रव्य माध्यम भी है और साहित्य जगत की सर्वाधिक कठिन विधा भी। 85 वर्ष की आयु में भी शिवकुमार यादव कविता लेखन को लेकर उतने उत्साही, सक्रिय और जुनूनी है, जितने युवावस्था में रहे होंगे। यादव के काव्य संग्रह 'सपनों के स्वर' के विमोचन समारोह में इस आशय के विचार महाराष्ट्र मंडल के वरिष्ठ सभासद व 86 वर्षीय रंगसाधक अनिल श्रीराम कालेले ने हिंदी साहित्य समिति पाटन के तत्वावधान में आयोजित विमोचन समारोह में कहा। इस मौके पर




उन्होंने वरिष्ठ साहित्यकार व कवि शिवकुमार यादव को शाल, श्रीफल और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। हिंदी साहित्य समिति के उद्भव से लेकर अब तक सक्रिय रहे कवि भूषण पटेल भी इस अवसर पर शाल, श्रीफल और प्रतीक चिह्न से सम्मानित किए गए।

शिव कुमार ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि पाटन मेरे लिए एक शब्द नहीं, सपना है। मेरे काव्य संग्रह 'सपनों के स्वर' को स्वर पाटन की पृष्ठभूमि ने ही दिया है। पाटन में रहकर मुझे आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली। पाटन निवास के दरमियान पत्रिका 'अरुणिमा' के प्रकाशन ने मुझे संबल दिया, जिसकी बदौलत मेरी प्रथम कृति 'अनुभूतियों के पंख' का सृजन हुआ। पाटन की यशस्वी भूमि में दूसरा काव्य संग्रह 'सपनों के स्वर' का विमोचन हो रहा है। यह मेरे जीवन का अविस्मरणीय पल हैं। कार्यक्रम में हिंदी साहित्य समिति के सचिव भास्कर सवर्णों, गंगा दिन साहू, कमलेश मिश्रा, कृष्ण कुमार तिवारी, सतीश जायसवाल, पूर्णिमा देवांगन, रत्ना देवांगन, दुर्ग से प्रमोद यादव, सुरेश यादव, शेख मजीद शेख, हिमांशु दत्ता, भूषण पटेल, हीरा सिंह वर्मा, गरीबदास साहू, बीएल सिन्हा, बिसेलाल वर्मा, हेमनाथ कश्यप, रमेश ताम्रकार, संतराम कुंभकार, किशन लाल वर्मा, राकेश देवांगन, तुलसी ठाकुर के अलावा अन्य उपस्थित थे।

#### विविधता को लेकर किया कविता पाठ

हिंदी साहित्य समिति पाटन के अध्यक्ष हेमंत देवांगन ने कवि शिवकुमार यादव की जीवन यात्रा और पाटन को उसकी उपादेयता पर प्रकाश डाला और स्पष्ट किया कि सन 1965 से 67 तक शिवकुमार के आगमन से पाटन में क्या-क्या शैक्षणिक, सांस्कृतिक परिवर्तन हुए। हेमंत ने 'सपनों के स्वर' की पंक्तियों का पठन कर उसकी समीक्षा भी की। विशेष अतिथि प्रसन्न निमोणकर ने भी 'सपनों के स्वर' की विविधता लिए हुए चुनिंदा कविताओं का पाठ किया। स्वामी आत्मानंद सभागार पाटन में आयोजित कार्यक्रम को व्यंग्यकार विनोद साव ने संबोधित किया। महाराष्ट्र मंडल के सचेतक रविंद्र ठेंगड़ी ने स्वरचित कविताओं का पाठ कर तालियां बटोरीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता योगेश निक्की भाले ने की। कार्यक्रम का संयोजन हेमंत देवांगन ने किया। मंच का संचालन योगेश शर्मा ने किया और आभार प्रदर्शन समिति के सचिव भास्कर सवर्णों ने किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी श्रोता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### अमानत में खयानत करने वाले दो आरोपी पुलिस पकड़ में

**भिलाई।** अमानत में ख्यानत करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मिलन चौक न्यू खुर्सीपार निवासी नीरज कुमार द्वारा नृदेव वायर वर्ल्ड प्राईवेट लिमि भीलवाडा राजस्थान कंपनी के डायरेक्टरो ने वायर रॉड मॉल लेकर 63 लाख 74 हजार 640 रूपये न देकर अमानत में ख्यानत किया। पुलिस में शिकायत के बाद आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी रही। खुर्सीपार थाना प्रभारी वंदिता पानीकर ने टीम को राजस्थान भीलवाडा रवाना किया। टावर लोकेशन के आधार पर आसिंद रोड शंभूगढ थाना शंभूगढ जिला भीलवाडा राजस्थान निवासी ऋर्षिराज शर्मा, वार्ड 4, नसीराबाद थाना नसीराबाद जिला अजमेर राजस्थान से अबुंल महावर को जिला चितौड से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

### स्कूलों की अव्यवस्था पर देवेंद्र ने उठाए सवाल

**भिलाई।** सरकारी स्कूलों की अव्यवस्था को लेकर विधायक देवेन्द्र यादव ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर सवाल उठाए हैं। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार नौनिहालों की स्कूली शिक्षा व्यवस्था को लेकर कितना सजग और गंभीर है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पूरी गर्मी की छुटटी बीत गई, लेकिन बड़े-बड़े वादे करने वाली ये सरकार जर्जर स्कूल भवनों का संधारण तो दूर रंगरोंगन तक नहीं करा पाई। बिना तैयारी के स्कूल खोले गए हैं। शिक्षकों का आंदोलन देखने को मिला। पहले दिन शिक्षक काली पट्टी बांधकर स्कूल पहुंचे। सरकार के विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण के निर्णय के खिलाफ विरोध जताया। स्कूली सेटअप से किए गए छेड़छाड़ से शिक्षकों के 46000 पद समाप्त होने से शिक्षक संघ तो नाराज है ही बीएडी, डीएड की डिप्लोमा करने वाले हजारों युवा भी नाराज हैं। रसोइया संघ और सफाई कर्मी भी आंदोलन की राह पर हैं।

### रिकेश के बड़े सपने को राज्य शासन की हरी झंडी

**भिलाई।** शिक्षाधानी भिलाई में सेन्ट्रल लाईब्रेरी को लेकर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन का बड़े सपने को राज्य शासन से हरी झंडी मिल गई है। आपको बता दें कि भिलाई के सुपेला स्थित प्रियदर्शिनी परिसर में 11 करोड़ 42 लाख 28 हजार रूपये सेंट्रल लायब्रेरी के लिए स्वीकृत किए गए हैं। विधायक रिकेश सेन ने बताया कि सुपेला में सेंट्रल लाइब्रेरी के साथ ही बेहतरीन रीडिंग जोन का निर्माण भी किया जा रहा है जो कि शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाने वाले भिलाई के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस सुविधा से न केवल पढ़ने की प्रवृत्ति मजबूत होगी बल्कि स्टूडेंट्स के साथ ही आम नागरिकों के लिए एकेडमिक सहित आर्ट, साइंस, कामर्स, बिजनेस, समसामयिक विषयों, प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए पठन सामग्री न केवल उपलब्ध होगी।

**सर्विस लेन का हाल बेहाल:** भिलाई निगम के बाजू का हाल, व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

# होटलों और कमर्शियल कांपलेक्स का बेसमेंट बना गोदाम, एप्रोच रोड पर कब्जा कर पार्किंग

देवीलाल साहू ▸▸ भिलाई

नगर निगम के ठीक बाजू का एप्रोच रोड। निगम से चंद्रा-मौर्या चौक तक। यहां करीब एक किलोमीटर तक बड़े होटल और व्यवसायिक कांपलेक्स संचालित हैं। होटलों में पार्किंग के लिए बेसमेंट बना है लेकिन इसका कुछ संचालक इस्तेमाल गोदाम के रूप में कर रहें हैं तो कहीं उपयोग ही नहीं करते। इसलिए कि पूरी पार्किंग एप्रोच रोड पर करवाई जा रही है। निगम मुख्यालय से लगे होने के बाद भी इन व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती। जिसकी वजह से एप्रोच रोड पर लोगों का आना-जाना कठिन हो गया है। हरिभूमि की मौके की रिपोर्ट में ये खांमियां सामने आई।

**दर्जनों बार कार्रवाई फिर भी शिवनाथ काम्पलेक्स के हाल बेहाल**



हाइवे से लगे सर्विस लेन पर कब्जा कर पार्किंग के रूप में उपयोग किया जा रहा, वहीं बेसमेंट का इस्तेमाल दीगर कार्यों में किया जा रहा है।

### लोगों को हो रही है आवागमन में परेशानी

एप्रोच रोड दरअसल लोगों के आवागमन के लिए ही बनाया गया है। उसके बाद भी लोग यहां आवागमन करने के लिए मशक्कत करते मिलेंगे। एप्रोच रोड के दोनों किनारे पर दुपहिया और चौपहिया वाहनों की कतारे दिखेंगी। इस स्थिति में बीच से मोटर साइकिल निकालना करतब दिखाने जैसा है। चौपहिया वाहनों का आना-जाना ही बंद हो जाता है। होटलों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में आने वाली कार एप्रोच रोड पर ही पार्किंग की जा रही है। इनकी लंबी कतारें देर रात तक मिलेगी।

## इन उदाहरणों से समझिए एप्रोच रोड पर कब्जे की स्थिति

**केस 1**

### रोड पर कब्जा

हॉटल फलोर्ट इन, काव्या व अन्य व्यवसायिक दुकानें हैं। इन व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में आने वाले लोगों के वाहन पार्किंग एप्रोच रोड पर मिलेंगे। सिंपलेक्स कांस्टिंग कारपोरेट आफिस वाली ब्लिडिंग में बंधन बैंक, एटीएम की सुविधा व अन्य दफ्तर चलते हैं। पास ही परफेक्ट कार डेकोर है। इन सभी की वाहन पार्किंग एप्रोच रोड पर ही हो रही है।

**केस 2**

### सड़क तक दुकान

चौहान कांपलेक्स में करीब 25 से ज्यादा व्यवसायिक प्रतिष्ठान चलती है। यहां दूल्हे साहब, छोकरा जींस, एसबीआई का बैंक एटीएम सुविधा आदि हैं। इन व्यवसायिक दुकानों में लोगों के वाहन पार्किंग एप्रोच रोड पर ही हो रहे हैं। दुकानों में आने वाले लोगों के अलावा बैंक की सुविधा की वजह से भीड़ हो जाती है।

**केस 3**

### इन होटलों के बेसमेंट बने गोदाम

एप्रोच रोड से लगा होटल आमंत्रण, होटल ओयो टायटेनिक , होटल फलोर्ट इन जैसे होटल संचालित हैं। इन नामी होटलों के पार्किंग के लिए अपने बेसमेंट हैं। लेकिन इन बेसमेंट का इस्तेमाल वाहन पार्किंग के लिए हो ही नहीं रहा है। होटल आमंत्रण के बेसमेंट में आलू, प्याज व अन्य सामग्री पड़े दिखाई दिए। यहां कोलड्रिंक की वाहन भी अनलोड किए जा रहे थे। होटल फलोर्ट इन का बेसमेंट पूरी तरह बंद रखा गया है। ऐसा लगा कि सालों से इसका इस्तेमाल ही नहीं हुआ। यह बेसमेंट काफी छोटा है।

### रोड- नाली पर इस तरह कब्जे

होटलों, कांपलेक्स व दुकानदारों ने एप्रोच रोड किनारे नाली के ऊपर सीमेंटीकरण करवा लिया है। सीमेंटीकरण कर आवाजाही का मार्ग बना लिया है। बारिश के दिन शुरू हो गए हैं। एप्रोच रोड की ये नालियां इस तरह कब्जे में होने से बारिश का पानी निकासी नहीं हो पाएगा। अपनी सुविधा के लिए इन लोगों ने न ही निगम से परमिशन लिया है और न ही निगम ने कोई कार्रवाई की है।

### खाली करवाएंगे एप्रोच रोड



"हमारी प्लानिंग है कि एप्रोच रोड को खाली करवाएं। जिससे लोग एप्रोच रोड का उपयोग प्रापर तरीके से कर सके। ओवरब्रिज के नीचे पार्किंग स्थल तय करना है। निगम वर्तमान में कोई भी पार्किंग शुल्क नहीं ले रही है।

**नीरज पाल,**
महापौर भिलाई निगम

### पुराना मामला है, देखना पड़ेगा



"एप्रोच रोड के किनारे होटलों व कांपलेक्स काफी पुराने हैं। किन शर्तो को लेकर अनुमति दी गई है ये सब देखना पड़ेगा।

**राजीव कुमार पांडेय,**
निगम आयुक्त

## डुबान क्षेत्र में बसे अवैध कब्जेधारियों को निगम ने हटाया



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रमांक 1 अंतर्गत अवैध कब्जाधारियों को निगम द्वारा हटाने की कार्यवाही की। कोसा नाला सड़क नम्बर 9 दीक्षित कालोनी नाले के किनारे 3 परिवारों द्वारा अवैध कब्जा कर डुबान क्षेत्र में मकान निर्माण कर लिया गया था। डुबान क्षेत्र होने के कारण बारिश के समय दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई थी, निगम द्वारा तीनो परिवारों को 3 बार नोटिस भी जारी किया गया था, किन्तु उनके द्वारा जगह रिक्त नहीं किया गया। जिसके कारण पूरे कालोनी के 40 परिवार के लोग परेशान थे। स्थानीय नागरिकों द्वारा कलेक्टर जनदर्शन, टी.एल. में आवेदन देकर उन्हे हटाने की मांग की गई थी।

- तीन परिवार को देंगे पीएम आवास

मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर उन 3 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना से निर्मित मकान का ऑफर दिया गया था एवं उन्हे सामान शिफ्ट करने की सुविधा दी जा रही थी। किन्तु उनके द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का फार्म भरने व मकान लेने से इंकार कर दिया गया। आगामी वर्षा ऋतु को दृष्टिगत करते हुए एवं डुबान क्षेत्र होने के कारण दुर्ग मजिस्ट्रेट, सुपेला थाना के पुलिस बल एवं जोन 1 के राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जे.सी.बी. के माध्यम से अवैध कब्जा हटाने की कार्यवाही की गई। जिससे आने वाले समय में बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके।

# पचास साल पुराना बीएसपी जनसंपर्क भवन बनेगा नई रेल एण्ड स्ट्रक्चरल मिल का गवाह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

आधी सदी तक सेल के ध्वजवाहक उपक्रम भिलाई इस्पात संयंत्र के कीर्तिमानी कार्यों को जन जन तक पहुंचाने वाला जन संपर्क कार्यालय स्थल सबसे लंबी और ही ट्रीटेड गुणवत्तायुक्त रेल पांत उत्पादन का गवाह बनेगा। बीएसपी के एक्सपांशन प्रोजेक्ट -2 के तहत लगने वाली बहुप्रतीक्षित नई यूनिवर्सल रेल एंड स्टक्चरल मिल के निर्माण के लिए जल्द ही बीएसपी के पीआर भवन (जनसंपर्क कार्यालय बिल्डिंग ) को डिस्मेंटल किया जाएगा। इस कार्यालय को पुराने सामुदायिक भवन सेक्टर एक में शिफ्ट किया जाएगा।

- जल्द डिस्मेंटल होगी बिल्डिंग, सीएमओ वेयरहाउस तक होगा नई अत्याधुनिक यूआरएम का निर्माण

उल्लेखनीय है कि भारतीय रेलवे की कैटेगरी के अनुरुप रेल की मांग को पूर्ण करने के लिए सेल के लंबित मेगा प्रोजेक्ट को सेल बोर्ड ने हरी झंडी दे दी है। इसके तहत बीएसपी का तीसरा रेल कारखाना रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल(आरएसएम) का निर्माण किया जाएगा है। छह हजार 9 सौ करोड़ की लागत से बनने वाली अत्याधुनिक उच्च क्षमता वाली यह रेल मिल का निर्माण बीएसपी की पुरानी यूआरएम के बाजू में स्थित सीएमओ वेयर हाउस से लेकर जन संपर्क कार्यालय भवन तक किया जाएगा। इसके निर्माण के लिए जल्द ही सेक्टर 1 चौक के निकटस्थ पीआरओ आफिस बिल्डिंग को डिस्पेमेंटल किए जाने के साथ पीछे के की बाउंड्री और डंप यार्ड को भी हटाया जाएगा। पीआर आफिस को पुराने कम्युनिटी भवन में शिफ्ट किया जाएगा। सेल से जुड़े सूत्रों के मुताबिक नई रेल मिल बनाने के प्रस्ताव को सेल बोर्ड से स्टेज-1 अनुमोदन मिल गया है। पिछले महीने कोलकाता सेमीनार में सेल चेयरमने अमरेंदु प्रकाश ने भी इसकी जानकारी देते हुए इसका निर्माण हो जाने से रेलवे की मांग को फुल फील करने की उम्मीद की थी।



### बाहर लाख टन रेल का होगा उत्पादन

बीएसपी की नई रेल मिल अत्याधुनिक, आटोमिटक और पूरी तरह कम्यूटराइज होगी। इसमें निर्मित रेल की सामान्य रेल से कई गुना अधिक है। नई रेल मिल की की क्षमता 12 लाख टन रेल प्रतिवर्ष होगी। इसमें 9 लाख टन रेल पांत और 3 लाख टन स्ट्रक्चरल का उत्पादन होगा। नई मिल चार साल में बनक तैयार होगी। विदित हो की बीएसपी में पूर्व में दो रेल मिल यानी पुरानी रेल मिल और इसके बाद एक्सपांशन प्रोजेक्ट के तहत वर्ष 2017 में बनकर तैयार हुई दूसरी यूआरएम (यूनिवर्सल रेल मिल) स्थित है। इनमें बीएसपी दुनिया की सबसे लंबी रेल के साथ 165,165 मीटर की रेल भारतीय रेलवे को सप्लाई कर रहा था। लेकिन रेलवे ने बीएसपी के सामने आर- 350 ही ट्रीटेड रेल की मांग रखी थी। इसका निर्माण वर्तमान रेल मिल में संभव नहीं होने के कारण नई रेल मिल की दरकार थी। वर्तमान में रेल स्ट्रक्चर मिल में आर-260 ई-1 रेल का उत्पादन किया जा रहा है। रेलवे की 4- 350 एचटी रेल कैटेगरी डिमांड के अनुरुप नई यूआरएम में हीट ट्रीटेड सुविधा उपलब्ध है।



### बढ़ेगी ट्रेन की स्पीड व मुनाफा

बीएसपी में नई अत्याधुनिक व उच्च क्षमता वाली रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल के बन जाने से बीएसपी के साथ सेल व रेलवे को कई फायदे होंगे। सबसे बड़ा लाभ पुरानी मिल में दो पांतों को जोड़कर 360 मीटर लंबी रेल बनाने के प्रक्रिया में लगने वाला समय क साथ लागत में भी कमी आएगी। रेलवे की डिमांड पूर्ण होने से मुनाफा भी बढ़ेगा व उच्च गुणवत्तायुक्त रेल की सुलभता भी बनी रहेगी। इसके साथ ही रेलवे की मांग के अनुरुप-4-350 रेल पांते उपलब्ध हो जाने से हाई ट्रेन की स्पीड भी बढ़ेगी। इसके साथ ही सबसे बड़ा फायदा बीएसपी पर मंडरा रहा निजीकरण का खतरा भी टल सकता है लोगों को रोजगार भी मिलेगा। फिर छत्तीसगढ़ को यह भी लाभ है कि तीन साल पूर्व बीएसपी के एक्सपांसन के तहत यहां लगने वाली नई रेल मिल का यह प्रोजेक्ट को इस्को बर्नपुर स्थानांतरित हो गया था। वहां मिल लगने की प्रक्रिया भी शुरु हो गई थी। अब यह मिल बीएसपी में लगने जा रही है।

## नौ महीने बाद शुरु हुई यूनियन चुनाव की प्रक्रिया

**भिलाई।** देर आए दुरुस्त आए की तर्ज पर भिलाई इस्पात संयंत्र में यूनियन मान्यता चुनाव की प्रक्रिया शुरु हो गई है। यूनियनों के चुनाव की मांग पर बीएसपी प्रबंधन ने नौ महीने बाद श्रमिक संगठनों से संबंधित दस्तावेज जमा करने के लिए सर्कुलर जारी कर दिया है। सीटू यूनियन ने आईआर विभाग को अपने दस्तावेज सौंपकर प्रबंधन से जल्द चुनाव कराने की मांग की है। बीएसपी प्रबंधन द्वारा यूनियनों को गुप्त मतदान द्वारा सदस्यता जांच करने के संदर्भ में यूनियनों से सहमति पत्र के साथ अन्य आवश्यक संलग्नक और दस्तावेज जमा करने के संदर्भ में आवश्यक पत्र जारी किया है। यूनियनों द्वारा प्राप्त दस्तावेजों पर प्रबंधन उचित कार्यवाही कर उप मुख्य श्रमायुक्त के कार्यालय में भेजा जाएगा। इन दस्तावेजों को प्रबंधन द्वारा प्राप्त पत्र के 15 दिन के भीतर जमा करना है। इस मामले में सीटू ने मंगलवार को यूनियन की सहमति पत्र, विधान की प्रतिलिपियां वार्षिक विवरण की प्रतिलिपियां और यूनियन का पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रतिलिपियां सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों को औद्योगिक संबंध विभाग प्रबंधन को सौपा। 23 सितंबर 2024 को पिछली मान्यता यूनियन बीएमएस का कार्यकाल समाप्त हो गया था। इसी दिनसीटू द्वारा महाप्रबंधक औद्योगिक संबंध विभाग को पत्र देकर प्रक्रिया शीघ्र शुरू कराने की मांग की थी। इसके बाद 4 दिसंबर 2024, 11 जनवरी 2025 और 5 मई को जीएम आईआर के साथ सदस्यता जांच हेतु गुप्त मतदान को लेकर बैठक की किया था। हर बैठक में औद्योगिक संबंध विभाग प्रबंधन ने जल्द चुनाव कराने का आश्वासन दिया था।

- सीटू ने पेपर जमा कर की जल्द चुनाव की मांग

### कार्यकाल बीतने के नौ माह बाद प्रक्रिया

पिछली यूनियन का कार्यकाल समाप्त होने के 9 माह बीत जाने के बाद बीएसपी में गुप्त मतदान द्वारा सदस्यता जांच करवाने प्रक्रिया शुरू हो पाई है। संयंत्र के कर्मी किसी एक यूनियन को सर्वोच्च वोट देकर अपना प्रतिनिधित्व करने के लिए चुनाव करेंगे।

### आकर्षण का केंद्र प्रदर्शनी



**भिलाई।** बीएसपी के जनसंपर्क विभाग द्वारा नेहरू आर्ट गैलरी में राज्य के प्रतिभाशाली चित्रकारों एवं शिल्पकारों की कलाकृतियों की एक विशेष समूह प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन सीजीएम अनूप कुमार दत्त ने किया। विजया त्रिपाठी, करुणा सिदार, तृप्ति खरे, प्रीति साहू व निर्वेर साहू द्वारा निर्मित चित्र सांस्कृतिक व प्रकृति पर थे।जीएम अमूल्य प्रियदर्शी, जीएम प्रशांत तिवारी, जीएम सौमिक डे सहित पी.के नंदी, प्राचार्य डॉ. ऋचा ठाकुर, वरिष्ठ कलाकार विद्या सोनी, मोहन लाल बराल उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि ने आगंतुक पुस्तिका में अपने उद्गार व्यक्त करते हुए प्रदर्शनी में प्रदर्शित विविधतापूर्ण और रचनात्मक कलाकृतियों, जैसे सिरेमिक आर्ट, जंग लगे धातु से बनी पेंटिंग्स, मशरूम आकृति सिरेमिक कलाकृतियाँ, चॉक आर्ट की प्रशंसा की। प्रदर्शनी गुरुवार को 8:30 बजे तक दर्शकों के लिए खुली रहेगी।

### ननि की वित्तीय स्थित बढ़ाने बैठक आज

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र में निगम की वर्तमान स्थिति वित्तीय स्थिति में वृद्धि के लिए आवश्यक उपाय करने समिति का गठन किया गया है। समिति की बैठक बुधवार को निगम सभागार में आयोजित की गई है। बैठक में कमिश्नर सहित विभागीय अधिकारियों उपस्थित रहेंगे।

**पाठक सूचना**
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

**घरों से निकलने वाले अपशिष्ट से बनेगी बायो गैस व जैविक खाद**

# संपीड़ित बायो गैस प्लांट निर्माण का स्थल का आयुक्त ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा जोन 2 वैशाली नगर अंतर्गत डामरीकृत रोड एवं सीबीजी प्लांट निर्माण स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे। वार्ड 24 हाउसिंग बोर्ड में रोड का नया डामरीकरण का कार्य कराया जा रहा है, जिसका फाईनल कोटिंग बारिश से पूर्व सूखे मौसम में कराने उप अभियंता को निर्देशित किये, जिससे नागरिकों के आवागमन में किसी प्रकार की समस्या न हो।

- वार्ड 24 हाउसिंग बोर्ड में रोड का नया डामरीकरण हो रहा

सुन्दर विहार स्थित खसरा नम्बर 1423 में भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) भारत सरकार के तहत संपीड़ित बायो गैस (सीबीजी) प्लांट का निर्माण किया जाना है, निर्माण से पूर्व स्थल का निरीक्षण किया गया। प्लांट में घरों से निकलने वाले गीला कचरा, ठोस अपशिष्ट एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थो के माध्यम से बायो गैस एवं जैविक खाद का उत्पादन किया जाएगा। जिसका उपयोग परिवहन, बिजली उत्पादन, घरेलू ईधन, जैविक खाद इत्यादि कार्यो में किया जाएगा। उक्त स्थल पर कुछ नागरिकों द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है। जिसे हटाने की कार्यवाही करने जोन आयुक्त येशा लहरे एवं कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा को निर्देशित किया गया। समीपस्थ स्थित कृष्णकुंज उद्यान निर्मित किया गया है, जिसका निरीक्षण किया गया। उद्यान का फैसिंग तार कुछ जगहो का टूटा हुआ है, जिसका संधारण कराकर पौधा रोपण करने उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को निर्देशित किए।



वार्ड 23 की पार्षद उषा शर्मा एवं वार्ड 22 के पार्षद पति अजय साहू के साथ घासीदास नगर स्थित गुरू घासीदास भवन का निरीक्षण किये, मौके पर पहुंचने पर पता चला कि वहां अज्ञात व्यक्ति द्वारा लंबे समय से ताला बंद कर भवन को अपने कब्जे में रखा गया था। आयुक्त पाण्डेय की उपस्थिति में पंचनामा कराकर ताला तोड़वाकर भवन को रिक्त कराया गया। निरीक्षण के दौरान उपअभियंता अर्पित बंजारे, जोन सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 14,500/-
11 यात्री बुकिंग पर एक यात्री फ्री
9 रात व 10 दिन
**चार धाम यात्रा**
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
16 जुलाई, 16 अगस्त, 6 सितंबर, 17 सितंबर, 24 सितंबर, 29 सितंबर, 5 अक्टूबर 2025
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 14,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 18 जून 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129





04 बुनकरों का कमाल


लाइव इवेंट

## बुजुर्गों के लिए मनोरंजन और भावनात्मक जुड़ाव प्रदान करने राग मंजरी की प्रस्तुति



**भिलाई।** नवीन शासकीय संगीत कॉलेज के प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं ने ज्येष्ठ नागरिक मंच के सहयोग से एक विशेष सांगीतिक कार्यक्रम राग मंजरी का आयोजन किया। इसका उद्देश्य बुजुर्गों के लिए मनोरंजन और भावनात्मक जुड़ाव प्रदान करना था। इसके साथ ही प्रसिद्ध गायक स्व. हेमंत कुमार की पुण्य तिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर ज्येष्ठ नागरिक मंच से प्रदीप गुप्ता, हेमंत चौहान, ललित पंड्या, एनजी श्रीवास्तव, दिलीप कुमार राय सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे। यह आयोजन कला और समाज सेवा के सुंदर समन्वय का एक उत्कृष्ट उदाहरण रहा, जिसमें युवा कलाकारों ने अपनी संगीतमय प्रतिभा से बुजुर्गों के चेहरों पर मुस्कान और मन में उत्साह का संचार किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित करने के साथ हुई। संगीत कॉलेज वरिष्ठ छात्र जगदीश बामनिया ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने कहा बुजुर्गों को सम्मान देना और उनके जीवन में कला के माध्यम से खुशी लाना है। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने उपशास्त्रीय, लोक और समकालीन संगीत का एक मनमोहक मिश्रण प्रस्तुत किया। प्रस्तुतियों में वरिष्ठ छात्रों जगदीश बामनिया, जीव नंदन, सुरेश बारसागड़े, तपन कुमार नाथ जाहनवी दता ने अपनी युवा गायकी से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

- ज्येष्ठ नागरिक मंच से जुड़े बुजुर्गों के लिए संगीत कॉलेज के छात्रों का कार्यक्रम

### छत्तीसगढ़ नृत्य ने माहौल में लगाया चार-चांद

क्षेत्रीय लोक गीतों से प्रदीप कुमार, वंदना देशमुख ने की गायकी और कुस्मिता एवं दुष्यंत की छत्तीसगढ़ी नृत्य की प्रस्तुति ने माहौल में चार चांद लगा दिया। हिंदी फिल्मी गीतों से सुमन जोशी, ऋषभ, तामेश्वर साहू ने दर्शकों में उत्साह भर दिया। कई बुजुर्ग गुनगुनाते हुए नजर आए। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ऋचा ठाकुर ने कहा कि इस शासकीय संगीत महाविद्यालय की अभी शुरुआत ही हुई है। आप सभी ज्येष्ठ नागरिकों के आशीर्वाद से ये अपनी कला को देश विदेश तक लेकर जाएंगे। दर्शकों ने राग मंजरी की जमकर सराहना की। कई बुजुर्गों ने व्यक्त किया कि संगीत ने उनकी पुरानी यादी को ताजा कर दिया।



सिटी इवेंट

## 21 जून को योग दिवस पर रोपे जाएंगे एक पेड़ मां के नाम



**भिलाई।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को विशेष पौधरोपण अभियान भी चलाया जाएगा। इसे लेकर बीजेपी द्वारा सभी 17 मंडलों में व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है। तैयारियों को लेकर जिला संयोजक शिव चंद्राकर के नेतृत्व में बैठक हुई। चंद्राकर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुरातन योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दिलाते हुए 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में पूरे विश्व में मनाने का जो अतुलनीय कार्य किया है। इससे देश का प्रत्येक नागरिक गौरवंतित महसूस करता है। जिला भाजपा कार्यालय में जिला योग दिवस कार्यक्रम को लेकर यह बैठक हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक भी मौजूद थे। जानकारी दी गई कि विश्व योग दिवस के अवसर पर 21 जून को भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला स्तर पर वार्ड क्रमांक 7 डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन गार्डन शिक्षक नगर, दुर्ग में योग का कार्यक्रम एवं एक पेड़ माँ के नाम के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम तहत पेड़ भी लगाया जाएगा। साथ ही जिले के 17 मंडलो में मंडल स्तर पर योग दिवस कार्यक्रम एवं एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमे हर समाज की भागीदारी एवं उनके सहयोग से कार्यक्रम किया जाएगा। आयोजन में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, सांसद विजय बघेल, संयोजक जितेन्द्र वर्मा, विधायक गजेंद्र यादव, ललित चंद्राकर, महापौर अलका बाघमार सहित अन्य मौजूद थे।

● त्रिवेणी जैनतीर्थ सेक्टर-6 में साध्वी दुर्लभमति का आगमन, पांच दिवसीय धर्मसभा का आयोजन

# जीवन का अनमोल समय ध्यान में लगाएं, मन को असीम शांति और सुख समृद्धि का अनुभव होगा, मस्तिष्क और शरीर रहेगा स्वस्थ

त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 में साध्वी दुर्लभमति के सानिध्य में पांच दिवसीय मंगल प्रवचन का आयोजन हो रहा है। मंगलवार को भगवान वासु पूज्य और सुमति नाथ का मंगल अभिषेक शांति धारा किया गया। इसके साथ ही प्रवचन और योग शिविर की शुरुआत हुई। त्रिवेणी जैन तीर्थ में 1008 वासु पूज्य भगवान के कल्याणक दिवस पर सुमति नाथ की अष्टधातु प्रतिमा का मंगल अभिषेक किया गया। साध्वी दुर्लभमति माताजी के अमृत वचनों से शांति धारा का सौभाग्य ज्ञानचंद बाकलीवाल, प्रदीप जैन, प्रमोद, अरुण, अक्षत को इसका सानिध्य प्राप्त हुआ। मंच संचालन अध्यक्ष प्रशांत जैन और सोमेश ने किया।





**भिलाई।** साध्वी दुर्लभमति ने अपने अमृत वचन में योग दिवस पर पांच दिवसीय आयोजन में उपस्थित सभा सदस्यों को योग और विद्या की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आप सभी कुछ समय के लिए अपने जीवन का अनमोल समय ध्यान में लगाएं। आपके मन को असीम शांति और सुख समृद्धि का अनुभव होगा। योग से आप सभी का मन मस्तिष्क और और शरीर स्वस्थ रहेगा। माताजी ने कविता के माध्यम से कहा कि कभी जल बना, कभी पृथ्वी बना, कभी वायु बना, कभी अग्नि बना, कभी बंदर बना कभी मनुष्य बना, कभी न की बना कभी देवघर जाकर। इस अवसर अध्यक्ष प्रशांत जैन, महामंत्री सोमेश बाकलीवाल, भारत जैन, सिंपी जैन, जिनेंद्र जैन, वरुण जैन, संजीव जैन, सुनील जैन सहित अन्य मौजूद थे। इस अवसर पर सभी ने श्रीफल अर्पण किया। प्रशांत जैन ने बताया कि प्रतिदिन माता के सानिध्य में यह धार्मिक आयोजन एवं योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है।सुबह 6 से 7:15 तक युवा संघ द्वारा योग, सुबह 7:15 से 8 बजे तक पूज्य दुर्लभमति माता के अमृत वचनों द्वारा योग शिविर के महत्व पर प्रकाश डाला जाएगा। सुबह 8 बजे जिनेंद्र भगवान के मंगल अभिषेक और शांति धारा एवं आचार्य श्री का पूजन होगा। सुबह 8:45 बजे साध्वी दुर्लभमति का मंगल प्रवचन होगा। सुबह 9:30 बजे आहारचर्या, शाम 6:30 बजे आनंद यात्रा गुरु भक्ति और आरती होगी। समाज के प्रदीप जैन ने बतायया कि पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर सेक्टर 6 में आचार्य विद्यासागर और आचार्य समय सागर के आशीर्वाद से यह आयोजन संभव हो पाया। साध्वी माता दुर्लभमति के सानिध्य में भक्तों ने भगवान आदिनाथ और शांतिनाथ भगवान का मंगल अभिषेक और शांति धारा किया गया।



### आचार्य विद्यासागर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर प्रवचन की शुरुआत

इस अवसर पर आचार विद्या सागर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर प्रवचन की शुरुआत की गई। साध्वी दुर्लभमति माता ने मंगल प्रवचन में योग से होने वाले फायदों, ध्यान की महत्ता, जैन संतों के उपदेशों से जैन समाज के लोगों को अवगत कराया। जैन समाज और गणमान्य व्यक्तियों ने साध्वी से आशीर्वाद प्राप्त किया। दिगंबर जैन मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र हुए। पाद प्रक्षालन के साथ अलग-अलग स्थानों पर आरती हुई। मंदिर में श्रद्धालुओं को पद प्रक्षालन और आहार देने का अवसर मिला। धर्म सभा में आत्मज्ञान का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आत्मा एक अविनाशी तत्व है। यह हर व्यक्ति में मौजूद है। परमात्मा आत्मा का वह रूप है, जो अज्ञानता से मुक्त होता है। उन्होंने बताया कि धन और यश विरासत में मिल सकते हैं। लेकिन पुण्य व्यक्ति को स्वयं कमाना पड़ता है। उन्होंने कहा पुण्य ही जीवन की सच्ची पूंजी है। दिगंबर जैन संत दिन में एक बार भोजन और जल ग्रहण करते हैं। वे केवल शरीर को चलाने के लिए आहार लेते हैं। धर्म पालन के लिए शरीर चलाने के उद्देश्य से उदरपूर्ति करते हैं। श्रावकों को मन, वचन, काय की शुद्धि से आहार देना चाहिए।

## लोकतंत्र सेनानी 26 जून को मुख्यमंत्री आवास में होंगे सम्मानित

**भिलाई।** लोकतंत्र सेनानी संघ द्वारा आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाया जाएगा। आपातकाल का यह 50वां वर्ष है। इसे लेकर संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासना ने कहा कि 25 व 26 जून को संपूर्ण राष्ट्र आपात्काल का काला दिवस के रूप में मनाता है। इस वर्ष आपात्काल का 50वां वर्ष है। जब देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रतिवर्ष 25 जून को संविधान हत्या दिवस शासकीय व समाज स्तर पर मनाने की घोषणा की है। यह घोषणा असामान्य नहीं सारा देश हमेशा आजादी की दूसरी लड़ाई जो एक तानाशाही लोकतंत्र विरोधी, सत्तालोलुप सरकार के द्वारा उस न्यायालयीन आदेश पर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को प्रधानमंत्री पद से हटाने, चुनाव लड़ने अपात्र घोषित किया। इस आदेश का परिपालन करने विपक्षी दबाव को भी अनसुना कर पूर्ण अवैधानिकता से रातों-रात आपातकाल लगाकर लाखों विपक्षी नेताओं व कार्यकर्ताओं को मीसाबंदी आई। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आपातकाल में पीड़ित प्रदेश के ऐसे समस्त लोकतंत्र सेनानी, सत्याग्रहियों को 26 जून को अपने आवास पर आमंत्रित कर सम्मानित करने की घोषणा की है। इस अवसर पर आपातकाल का काला इतिहास एवं संविधान हत्या दिवस पर प्रबुद्ध वक्ताओं के भाषण होंगे व काले अध्याय पर पुस्तिका का विमोचन भी होगा। निबंध प्रतियोगिता लोकतंत्र प्रहरी, सहयोगी संगठन लोकतंत्र सेनानी संघ के अध्यक्ष विशाल राजहंस व प्रहरी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने की पहल पर प्रदेश के महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं हेतु संविधान हत्या दिवस कितना प्रासंगिक एवं विद्यालयीन छात्र-छात्राओं हेतु आपातकाल कभी विस्मृत न हो? विषय पर निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है।




## कायस्थ सभा ने समाज के मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**भिलाई।** कायस्थ सभा दुर्ग नगर ने समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सीजी बोर्ड एवं सीबीएसई के दसवीं और बारहवीं कक्षा का परिणाम के आधार पर छात्रों को सम्मानित किया गया। कायस्थ सभा ने 70% से अधिक नंबर लाने वाले बच्चों को सम्मानित किया। संयोजक डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, राजीव बक्शी एवं अध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव ने मंच पर बुलाकर ऐसे बच्चों को सम्मानित किया। 10वीं से प्रसून श्रीवास्तव, यक्षराज कर्ण, वंश, शका बक्शी, अंश वर्मा, सार्थक, स्वर्णमा, 12वीं से अक्षत को सम्मानित किया गया। डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव को पदोन्नत होने पर और राजेश कुमार, महावीर प्रसाद को फल सब्जी व्यापारी विक्रेता संघ का अध्यक्ष बनने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजीव बक्शी, राकेश श्रीवास्तव, रजनीश श्रीवास्तव, हर्षवर्धन, सुमत, राज नारायण, सुधीर श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद थे।



बंगीय साहित्य संस्था आड्डा नाम से विचार गोष्ठी का किया आयोजन, शहर के कलाकार हुए शामिल

# हिंदी और बांग्ला का साहित्यिक समागम, कवि और लेखकों ने अपनी रचनाओं का किया पाठ

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** पिछले 65 वर्षों से इस्पात नगरी भिलाई में बांग्ला साहित्यिक, संस्कृति एवं सांस्कृतिक उद्देश्य को लेकर संचालित बंगीय साहित्य संस्था प्रति सप्ताह विचार गोष्ठी का आयोजन कर रही है। कॉफी विथ साहित्यिक विचार-विमर्श आड्डा का आयोजन संस्था के सदस्यों द्वारा किया जा रहा है। इसी कड़ी में आड्डा-82 का आयोजन भिलाई निवास में किया गया। इस विचार-विमर्श में शामिल हुए- बंगीय साहित्य संस्था की उप सभापति एवं बांग्ला की देशव्यापी चर्चित लेखिका स्मृति दत्त, समरेंद्र विश्वास, पल्लव चटर्जी, मध्यबलय के संपादक दुलाल समाद्दार, बांग्ला- हिन्दी के चर्चित कवि प्रकाशचंद्र मण्डल, वीरेंद्रनाथ सरकार, छत्तीसगढ़ आसपास के संपादक प्रदीप भट्टाचार्य, बृजेश मल्लिक, आलोक कुमार चंदा, सुबीर रॉय, बांग्ला कवि विपुल सेन, पं. बासुदेव भट्टाचार्य, शंकर भट्टाचार्य, समुद्रनील विश्वास प्रमुख रूप से मौजूद थे। इस दौरान हिंदी और बांग्ला रचनाओं का समागम देखने को मिला। लेखकों और कवियों ने अपनी रचनाओं की प्रस्तुति दी।



### अहमदाबाद में मारे गए लोगों को अर्पित की गई श्रद्धांजलि

कॉफी विथ साहित्यिक विचार-विमर्श आड्डा- 82 की अध्यक्षता स्मृति दत्त ने की। विशेष रूप से समरेंद्र विश्वास एवं दुलाल समाद्दार थे। विशेष रूप से शामिल हुए समुद्रनील विश्वास की उपस्थिति में संचालन प्रकाशचंद्र मण्डल ने किया। प्रारंभ में स्मृति दत्त ने 12 जून को हुए अहमदाबाद से लंदन जा रहे एअर इंडिया का विमान क्रैश को लेकर एक हृदय विदारक कविता एक मिनट शीर्षक को लेकर अपनी बात कही। बोइंग 787 में हुए हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी सहित 241 यात्रियों की मौत हो गई। क्रैश के बाद प्लेन का पिछला हिस्सा हास्टल बिल्डिंग पर गिरा, जिसकी वजह से और भी कई डॉक्टरों एवं अन्य लोगों की मौत हो गई। बंगीय साहित्य संस्था' के सदस्यों ने मृतकजनों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए 1 मिनट का मौन रखा।

### सदस्यों के जन्मदिन और शादी की सालगिरह पर दी शुभकामनाएं

इस अवसर पर वीरेंद्रनाथ सरकार को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। बंगीय साहित्य संस्था के सदस्य मण्डल दम्पति प्रकाश चंद्र मण्डल एवं सुमीता मण्डल को वैवाहिक वर्षगांठ की बधाई दी गई। चर्चा एवं काव्य पाठ के पूर्व संस्था के वरिष्ठ एवं सक्रिय सदस्यों के विशेष दिन को सैलिब्रेट किया गया। पहली बार कॉफी विथ साहित्यिक विचार-विमर्श आड्डा में शामिल हुए युवा समुद्रनील विश्वास ने कहा कि बंगीय साहित्य संस्था द्वारा आयोजित ऐसे आयोजन से स्वयं में एक ऊर्जा का संचार होता है। मुझे आज पिता समरेंद्र विश्वास के साथ काव्य पाठ करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। समुद्रनील विश्वास ने कहा कि कविता समाज को प्रतिबिंब दिखाता है और आप रचनाकारों से कुछ न कुछ सीखने को ही मिलता है। आज के युवाओं को इस संस्कृति से जोड़ना चाहिए और आप लोग अपनी रचना के माध्यम से समाज को जोड़ रहे हैं।

### इन कविताओं की प्रस्तुति ने देर रात तक बांधा समां

समरेंद्र विश्वास ने एक लघुकथा का पाठ किया। लघुकथा का शीर्षक भुमद्दो सागरेर हाउया रहा। इस कथा में समरेंद्र विश्वास ने प्रगतिशील परंपरा से समकालीन रचना को जोड़ती हुई सार्थक रचनाशीलता को प्रकट किया है। उन्होंने अपनी-अपनी बांग्ला-हिंदी में रचना का पाठ किया। स्मृति दत्त ने बांग्ला कविता स्वर्ग, शंकर भट्टाचार्य ने बांग्ला कविता गोरोमे- र -दिन और हिंदी कविता अंजाने शहर में, पं. बासुदेव भट्टाचार्य ने कबि-र-संसार, विपुल सेन ने चाकरी चुरी और स्वप्न, पल्लव चटर्जी ने कोमा एवं भालोबासा, बृजेश मल्लिक ने दुलाल समाद्दार की कृति निर्वाचित कविता से एक कविता ऐ कविता बांग्ला भाषा में प्रस्तुत की। इसके अलावा भी रचनाकारों ने अपनी कविताओं का पाठ किया।



## सिटी इवेंट

# 22 जून को एकजुट होंगे छत्तीसगढ़ के मछुआरे, प्रतिभावान होंगे सम्मानित



■ छत्तीसगढ़ मछुआ महसंघ कल्याण समिति की बैठक में बनी रणनीति

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ मछुआ महसंघ के वार्षिक सम्मेलन को लेकर पदाधिकारीयों की आवश्यक बैठक रखी गई। इस दौरान 22 जून को राम जानकी मंदिर निषाद समाज सामुदायिक भवन रायपुरा, रायपुर में सुबह 11.30 बजे से आयोजित करने का निर्णय लिया गया। विरेन्द्र कुमार निषाद ने बताया कि दुर्ग-भिलाई और पूरे छत्तीसगढ़ मछुआरा समाज के इस कार्यक्रम में 10वीं व 12वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेघावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ती पत्र और मोमेंटो से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही छत्तीसगढ़ के मछुआरा समुदाय के जनप्रतिनिधी त्रि-स्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के अन्तर्गत जिला पंचायत व जनपद सदस्यों और शहरी क्षेत्र के नगर निगम नगर पालिका नगर पंचायत के अध्यक्षों एवं पार्षदों सहित प्रदेश के मछुआरा समाज के अन्य क्षेत्रों में विशेष उपलब्धि प्राप्त लोगों का भी सम्मान किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त अध्यक्ष राज्य पिछड़ा आयोग छग शासन नेहरू राम निषाद और भरत लाल मटियारा अध्यक्ष, मछुआ कल्याण बोर्ड छग, छत्तीसगढ़ मछुआ महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष एम आर निषाद, कुंवर सिंह निषाद विधायक गुण्डरदेही, कृपाराम निषाद सभापति नगर पालिक निगम बिरगांव, राजेन्द्र धीवर जिला पंचायत सदस्य बिलासपुर, हरीशंकर निषाद जिला पंचायत सदस्य, धरसींवा रायपुर, अन्नु तारक जिला पंचायत सदस्य अभनपुर, मछुआ महासंघ के प्रदेश संयोजक सुरेश कुमार धीवर, मुकेश कुमार, राकेश, भुवन लाल औसरिया, संतोष मल्लाह शिरकत करेंगे। बैठक के दौरान छत्तीसगढ़ मछुआ महासंघ उपाध्यक्ष गायत्री गाग्यवाल, मोती लाल हिरवानी महासचिव ने भी संबोधित किया। बैठक का संचालन प्रांतीय सचिव झुमुक लाल निषाद ने किया।



● आंखों में आंसू लिए पहुंचे स्कूल, पहले दिन किया खूब एंजाय

# दोस्तों संग मिल बच्चों के खिल उठे चेहरे स्कूलों में आंखों के तारों का पहला कदम...







**भिलाई।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद अंततः स्कूलों का सन्नाटा टूट ही गया। बड़ों के साथ कई मासूम बच्चों का स्कूल में पहला कदम रहा। नन्हे जहां पैरेंट्स से बिछड़ते ही रोने लगे तो वहीं बड़े बच्चों में दोस्तों से मिलने को लेकर उत्साह देखने को मिला। छुट्टियों की किस्से-कहानियों का पिटारा भी खुल ही गया। शासकीय विद्यालयों में पहले व दूसरे दिन सोमवार और मंगलवार को तिलक और मिठाई संग बच्चों का स्वागत हुआ। डेढ़ माह बाद स्कूल खुल गए, पहले दिन सोमवार को बड़े उत्साह से बच्चे स्कूल पहुंचे, स्कूलों ने फिर से रौनक लौट आई। छुट्टियां मनाने के बाद सुबह-सुबह बच्चे स्कूल जाते दिखे। वहीं एक दूसरे साथी से मिलने पर बच्चे खुश भी दिखे। स्कूल पहुंचे बच्चों ने पहले दिन जमकर मस्ती की। स्कूलों में भी छुट्टी के समय तक चहल पहल रही। शिक्षाधानी ट्विनसिटी के निजी स्कूलों ने भी अपने कैंपस को नए सत्र की शुरुआत के लिए आकर्षक रुप से सजाया था। स्कूल खुलने के पहले व दूसरे दिवस होने के कारण पढ़ाई तो नहीं हुई। अधिकतर समय छात्रों के परिचय में ही बीता। छोटे बच्चे पूरे वक्त रोते ही रहे। उन्हें कुछ घंटे कैंपस में रखने के बाद छुट्टी दे दी गई।

### पाठ्य सामग्री का वितरण

स्कूल का पहला दिन होने के कारण अधिकतर बच्चों के माता-पिता संग ही पहुंचे रहे। शासकीय विद्यालयों में भी पालक बच्चों के साथ पहुंचे। कई बच्चे पालक की गोद से उतरने को ही तैयार नहीं दिखे। सन वैली इंग्लिश मीडियम स्कूल कोहका सहित स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में बच्चों के स्वागत के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। जॉय फाउंडेशन इंग्लिश मीडियम स्कूल रिसाली में भी उत्सव का माहौल रहा। जॉय फाउंडेशन की प्राचार्या रश्मि बलैया ने बताया कि तय वक्त से पहले पहुंचकर शिक्षकों ने बच्चों के स्वागत की तैयारी की। प्रथम दिवस बच्चों संग शिक्षकों की भी कक्षाएं लगाकर उन्हें नए सत्र के विषय में जानकारी दी गई।

### बैलून से सजा परिसर

शकुंतला विद्यालय रामनगर, केएच मेमोरियल के संचालकों ने बताया कि निजी स्कूलों ने अपने कैंपस को गुब्बारों से सजाया। बच्चे ना रोए, इसलिए उनके लिए खिलौनों की भी व्यवस्था की गई। इसके बाद भी उनका रोना नहीं रुका। शिक्षक और पालक उन्हें चुप कराते नजर आए वहीं कुछ स्कूलों ने पालकों को पहले दिन बच्चों के साथ ही बैठने की अनुमति दी थी। यूनिफॉर्म से लेकर अपनी चीजें संभालते हुए बच्चे नजर आए।



### कुछ स्कूलों में 1 जुलाई से शुरुआत

पहली बार विद्यालय आने वाले छात्रों को विशेष देखरेख की जरूरत होती है। ऐसे में उनकी कक्षाएं 1 जुलाई से भी प्रारंभ करेंगे ताकि उन्हें अतिरिक्त समय दे सकें। मंगलवार को बड़े बच्चों की कक्षाएं संचालित कर उबका अध्यापन प्रारंभ किया गया। छात्राओं को चॉकलेट बांटे गए। शासकीय विद्यालयों में बच्चों को निशुल्क किताबों का वितरण किया गया।



## एजुकेशन इवेंट

# नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर किया स्वागत, बांटी पुस्तक



■ आदर्श की शिक्षण समिति

**भिलाई।** आदर्श कर्मा शिक्षण समिति द्वारा संचालित भक्त माता की प्राथमिक, मिडिल एवं इंग्लिश मीडिल स्कूल शिवपुरी जामुल में सोमवार को शासन के आदेशानुसार नया शिक्षा सत्र 2025-26 का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। जिसमें समिति के संरक्षक जेआर साहू, संतुराम साहू, गिरधारीलाल साहू, जनकराम साहू, परदेशीराम साहू, प्रेमलता साहू, प्रधान पाठिका कामिनी साहू, राजकुमारी साहू, विनिता वर्मा, नीतू यादव, निकिता साहू, भुनेश्वरी साहू, चित्ररेखा साहू, उत्तरा साहू, प्रीती देवांगन, शिवानी देवांगन, प्रीति, होमिका निषाद, धनेश्वरी साहू सहित अनेक जन उपस्थित थे।

## प्रेरणादायक पहल...

# प्राचीन परंपरानुसार बच्चों का कराया विद्यारंभ संस्कार, 61 बच्चों के साथ अभिभावक हुए शामिल



**भिलाई।** विश्व हिन्दू परिषद मंदिर और अर्चक पुरोहित संपर्क विभाग की पहल पर मां चंडिका मंदिर न्यास समिति और श्रीरमेश चंद्र फाउंडेशन व हेल्पिंग हैंड संस्था के सहयोग से दुर्ग नगर में पहली बार सामूहिक विद्यारंभ संस्कार कराया गया। इस दौरान 61 बच्चों का सामूहिक विद्यारंभ संस्कार कराते हुए प्राचीन परंपरा अनुसार विधिवत पढ़ाई की शुरुआत कराई गई। विद्यारंभ संस्कार आयोजन के अवसर पर मुख्य रूप से मां चंडिका मंदिर न्यास समिति के व्यवस्थापक पं. जय शर्मा, रमेश चंद्र फाउंडेशन हेल्पिंग हैंड संस्था की प्रमुख डॉ मानसी गुलाटी, चंडी मंदिर न्यास समिति के ट्रस्टी गिरधर शर्मा, विश्व हिन्दू परिषद् के प्रांत मठ मंदिर प्रमुख डॉ आचार्य नीलेश शर्मा, मंदिर संरक्षण समिति दुर्ग के अध्यक्ष दिलीप गुप्ता उपस्थित थे।



विद्यारंभ गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में लगभग 61 बच्चों का सामूहिक विद्यारंभ संस्कार कराया गया जिसमें 25 अभिभावक और 61 बच्चे शामिल हुए। पुस्तक, कॉपी, पेन, पेंसिल, शॉपनर, पाठ्य सामग्री, नारियल, मिष्ठान के द्वारा बच्चों को तिलक लगाकर विद्यारंभ संस्कार कराया गया। इस दौरान डॉ मानसी गुलाटी ने विद्यारंभ संस्कार की महत्ता को विस्तार से बताते हुए कहा कि प्राचीन काल से मंदिर संस्कार के प्रमुख केन्द्र रहे हैं, भारतीय संस्कृति के अंतर्गत 16 संस्कारों में से एक विद्यारंभ संस्कार है। जब बच्चा विद्यालय पढ़ने जाता है तो बच्चे में ज्ञान की वृद्धि, बौद्धिक क्षमता का विकास और सहज रूप से विद्या की प्राप्ति हो इसलिए इस संस्कार को वैदिक मंत्रों के साथ करने की परंपरा रही है। मां चण्डिका मंदिर दुर्ग में कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं में पढ़ने वाले बच्चों का वैदिक विधि-विधान से मंत्रों के साथ सामूहिक विद्यारंभ संस्कार कराया गया। डॉ आचार्य नीलेश शर्मा ने बताया कि मंदिर संस्कार का केंद्र है इसलिए दुर्ग के सभी प्रमुख मंदिरों में विद्यारंभ संस्कार कराया जाएगा। पं जय शर्मा ने कहा कि हर वर्ष मां चंडिका मंदिर में विद्यारंभ संस्कार कराया जाएगा इसके लिए चंडी मंदिर न्यास समिति पूरा सहयोग करेगी।

## आयोजन की तैयारी

# 64 खानों की बादशाहत के लिए होगी जंग विजेता होंगे राज्य चैंपियनशिप में चयनित



■ दुर्ग जिला सीनियर वर्ग, महिला वर्ग एवं अंडर 15 शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन 27 जून से

■ सभी वर्गों से चार-चार खिलाड़ियों का चयन राज्य चैंपियनशिप के लिए

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के निर्देशन में जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा नगर निगम दुर्ग के सहयोग से स्वामी विवेकानंद भवन में 27 व 28 जून को दो दिवसीय दुर्ग जिला सीनियर वर्ग महिला वर्ग एवं अंडर 15 बालक एवं बालिका वर्ग शतरंज चयन चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है। जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत एवं सचिव तुलसी सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने 22 जून को होने वाला यह आयोजन अब 27 एवं 28 जून को होगा। जिसमें सीनियर एवं महिला वर्ग में चार चार खिलाड़ियों का चयन तथा अंडर 15 बालक एवं बालिका वर्ग में भी चार चार खिलाडियों का चयन किया जाएगा। ये सभी चयनित खिलाड़ी भिलाई में आयोजित राज्य शतरंज चैंपियनशिप में दुर्ग जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इन सभी चयनित खिलाड़ियों का प्रवेश शुल्क जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा दिया जाएगा। सीनियर वर्ग महिला वर्ग एवं अंडर 15 बालक एवं बालिका वर्ग में प्रथम से चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा अंडर 7,9,11 एवं अंडर 13 के बालक एवं बालिका वर्ग में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को मोमेंटो प्रदान किया जाएगा तथा भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को मेडल एवं ई सर्टिफिकेट दिया जाएगा। स्पर्धा में सिर्फ दुर्ग जिले के खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे। स्पर्धा अंतराष्ट्रीय नियमों के आधार पर स्विस लीग पद्धति से खेली जाएगी। इंटरनेशनल आर्बिटर अलंकार भिवगड़े स्पर्धा के चीफ आर्बिटर और फिडे आर्बिटर रॉकी देवांगन डिप्टी चीफ आर्बिटर होंगे। सहायक के रूप में सीनियर नेशनल आर्बिटर अनिल शर्मा रहेंगे। स्पर्धा के आयोजन में समाजसेवी कैलाश जैन बरमेचा, जितेन्द्र सिंह राजपूत के अलावा संघ के पदाधिकारी दिनेश जैन, दिनेश नलोडे, ललित वर्मा, मोरध्वज चंद्राकर, संजय खंडेलवाल सहित अन्य लोग सहयोग मिल रहा है।

## लाइव इवेंट

# कार्टूनिस्ट राव की उपलब्धि वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज, दिया प्रमाण पत्र



**भिलाई।** प्रसिद्ध कार्टूनिस्ट और भिलाई स्टील प्लांट के पूर्व वरिष्ठ प्रबंधक बी.वी. पांडुरंगा राव ने एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उनके बनाए 92 कार्टून, 14 त्रिआयामी (3डी) चित्र, विभिन्न प्रोफाइल, साक्षात्कार और अन्य विभिन्न उपलब्धियों को तुर्किए की मासिक अंतर्राष्ट्रीय हास्य पत्रिका 'फेनामिज़ा' में अप्रैल 2012 से अप्रैल 2025 तक प्रकाशित 77 अंकों में प्रकाशित किया है। वहीं उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और यूनिक वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने मान्यता देते हुए उन्हें प्रमाण पत्र और पदक प्रदान किए हैं। उनकी सभी रिकॉर्ड कायम करने वाली उपलब्धियाँ आगामी रिकॉर्ड बुक में प्रकाशित की जाएँगी। बीएसपी से सेवानिवृत्ति के बाद इन दिनों बैंगलुरू में रह रहे 81 वर्षीय पांडुरंगा राव को पहले से ही 15 लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, 14 इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, 3 वर्ल्ड रिकॉर्ड इंडिया रिकॉर्ड्स, यूआरएफ रिकॉर्ड, जीआईएफ जीनियस कार्टूनिस्ट ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। पिछले 30 वर्षों से अंतरराष्ट्रीय कार्टून प्रतियोगिताओं में भाग लेते हुए श्री राव ने विभिन्न देशों से कई पुरस्कार जीते हैं और उनके कार्यों को 100 से अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों के लिए चुना गया है, जो 70 से अधिक कार्टून कैटलॉग में मुद्रित हुए हैं। श्री राव ने अपनी यह सभी उपलब्धियां इस्पात नगरी भिलाई को समर्पित की है।

## गीत वितान कला केंद्र ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन

# रविंद्र गीत व नृत्यों की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध



**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** गीत वितान कला केंद्र स्कूल ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स रूआबांधा द्वारा आयोजित सात दिवसीय ग्रीष्मकालीन कला प्रशिक्षण शिविर 2025 का समापन समारोह प्रगति भवन सिविक सेंटर भिलाई में आयोजित किया गया। इस दौरान बच्चों ने मंच पर अपने प्रशिक्षण के अनुभव साझा किए और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बी.एस.पी. अंग्रेजी माध्यमिक शाला रूआबांधा सेक्टर में आयोजित शिविर बी.एस.पी. सांस्कृतिक विभाग छत्तीसगढ़ शासन तथा ऑफिसर्स एसोसिएशन के सहयोग द्वारा आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेक्टर-10 बीएसपी सीनियर सेकेंडरी विद्यालय की प्राचार्य सुमिता सरकार और विशिष्ट अतिथि पार्षद शीला नाड़खेड़े उपस्थित रहीं।



समारोह की शुरुआत गुरुदेव रवींद्रनाथ ठाकुर के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर की गई। संस्था के नृत्य शिक्षक नृत्यमणि मिथुन दास ने स्वागत भाषण दिया।



### गीत व नृत्य की दी प्रस्तुति

शिविर के प्रतिभागी विद्यार्थियों ने मंच पर अपने प्रशिक्षण अनुभव साझा किए तथा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नृत्य विभाग के छात्रों ने जय जय देवी जय जग जननी पर सरस्वती वंदना की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। गायन विभाग के विद्यार्थियों ने अग्नि की पारसमणि से छू लो प्राण गीत एवं मीरा भजन मुरलिया बाजे की सुमधुर प्रस्तुति दी। मिथुन दास ने बताया कि गीत वितान कला केंद्र द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से बाल प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच प्रदान किया जाता है, जिससे उनकी कला एवं अभिव्यक्ति को नया आयाम मिलता है। समारोह में प्रशिक्षण प्रदान करने वाले सभी प्रशिक्षकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही गायन, वादन, नृत्य और क्ले आर्ट विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कार वितरण संस्था के सदस्य प्रदीप कुमार मित्रा, गौतम शील, मिथुन दास एवं रचना श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्था की कार्यकारिणी सदस्य रचना श्रीवास्तव और आभार मनोज ठाकरे ने किया। शिविर के आयोजन में ऑफिसर्स एसोसिएशन अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर, चंद्रा बनर्जी, रजनी सोनी, राजेंद्र रजक, मनोज ठाकरे, संतोष जाटव, सोमा घोष, सूधेंदु बागची, सोमेन कुंडू, अंश सिंह, शौर्य पाटिल, प्रशांत पांडा, सौरव चक्रवर्ती, बालूराम वर्मा, हर्ष सोनटेके, डेनिल कोसरिया, प्रदीप कुमार मित्रा और परिमल मंडल, विभा मिश्रा सहित अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

## सिटी स्पोर्ट्स

### साय को आमंत्रित किया अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस आयोजन में



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के पदाधिकारियों ने राज्य के मुख्यमंत्री और अध्यक्ष छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ विष्णु देव साय से मुलाकात कर 23 जून अंतर् राष्ट्रीय ओलिंपिक दिवस हेतु उन्हें आमंत्रित किया। इस दौरान उन्हें कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए सदस्यों ने राज्य में खेलो की गतिविधियों पर चर्चा की। महासचिव डॉ. विक्रम सिंह सिसोदिया ने मुख्यमंत्री साय से विस्तार से चर्चा कर उन्हें बताया कि राज्य में कोचेस के द्वारा खिलाड़ियों को ट्रेनिंग दी जा रही है व विस्तृत रूपरेखा ओलंपिक संघ के द्वारा बनाई जाएगी। जिस से आगामी राष्ट्रीय खेलो में राज्य के खिलाड़ियों का प्रदर्शन और बेहतर हो। मुलाकात के दौरान सुनील रामदास अग्रवाल, उपाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ, डॉ. विक्रम सिंह सिसोदिया, महासचिव छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ, महेश गागड़ा, पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ वॉलीबाल एसोसिएशन और प्रशांत सिंह रघुवंशी सहसचिव छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ मौजूद थे!

### पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में लाखेनगर स्थित ताम्रकार प्लेटिनम फिटनेस जिम में स्टेट एवं नेशनल पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का उदघाटन मुख्य अतिथि रूपेश रहांगडाले अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद रायपुर इकाई एवं श्रवण सिंह ठाकुर सरपंच पछुवा पाटन ने किया। साथ में विश्व हिंदू परिषद के नेता राम देवांगन, कुंदन सिंह, संजय कुमार और हिमांशु प्रमुख रूप से उपस्थित हुए। एसोसिएशन के अध्यक्ष मानिक ताम्रकार एवं महासचिव प्रदीप क्षत्रिय ने बताया कि प्रतियोगिता के पहले दिन 55 किलो से 77 किलो के बीच के बॉडी वेट वालो की प्रतियोगिता हुई। दूसरे दिन रविवार को 77 किलो से ऊपर 120 किलो तक की प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में निर्णायक पूजा नायक, प्रदीप क्षत्रिय, राजेश साहू, श्याम लाल ठाकुर, सुरेश पटेल, केसरी सीखा और कुमारी ललिता रहे।

### विद्याचरण शुक्ल स्मृति युगल लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता आज से



**रायपुर।** राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर द्वारा ३विद्याचरण शुक्ल स्मृतिइ प्रथम रायपुर जिला अंतर संस्थान युगल लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता 2025" का आयोजन 18 जून से 22 जून तक सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, रायपुर में किया जा रहा है। जिसमें रायपुर जिले के समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय, सार्वजनिक संस्थान, प्रतिष्ठित संस्थान, निजी संस्थान के कर्मचारी (सेवानिवृत्त कर्मचारी भी शामिल) एवं सी.ए., डाक्टर, वकील, पत्रकार, प्रशिक्षक आदि प्रोफेशनल्स भाग ले सकेंगे। राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर के सचिव श्री विनय बैसवाड़े ने जानकारी दी कि पिछले वर्ष से ही कर्मचारियों एवं प्रोफेशनल्स के लिए युगल लीग प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

### छत्तीसगढ़ से खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस हॉकी में हुआ चयन



**रायपुर।** खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, बिलासपुर के आवासीय खेल छात्रावास में राजनांदगांव के तीन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इनमे वशिष्ठ साहू, योगेश मेश्राम एवं एकता राजपूत का चयन मात्र 6 माह के अल्प प्रशिक्षण के बाद हुआ है, जो क्षेत्र में खेल जागरूकता और समर्पण का प्रमाण है। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि हॉकी राजनांदगांव की पहचान रही है और यह चयन पटरी पार क्षेत्र में चल रहे खेल जागरूकता अभियान की सफलता का प्रतीक है। मृणाल चौबे जैसे समर्पित कोच का मार्गदर्शन इन खिलाड़ियों के लिए वरदान साबित हो रहा है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बढ़ते कोलेस्ट्रॉल को लेकर चिंतित

# हाई कोलेस्ट्रॉल के इन लक्षणों को बिल्कुल न करें अनदेखा, थोड़ी सी भी लापरवाही पड़ सकती है भारी


कोलेस्ट्रॉल एक मोम, वसा जैसा पदार्थ है जो शरीर की सभी कोशिकाओं में पाया जाता है। कोलेस्ट्रॉल का स्तर जब सामान्य से अधिक हो जाता है तो इसके स्वास्थ्य पर कई दुष्प्रभाव हो सकते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के लक्षणों के बारे में बताते हैं, जिनपर गंभीरता से ध्यान देना जरूरी है। इन्हें अनदेखा करना आपके लिए बड़ी मुसीबतों का कारण बन सकता है। कोलेस्ट्रॉल बढ़ना आपकी सेहत के लिए काफी समस्याकारक हो सकता है। कोलेस्ट्रॉल एक मोमी, वसा जैसा पदार्थ है जो शरीर की सभी कोशिकाओं में पाया जाता है। यह स्वस्थ कोशिकाओं के निर्माण, हार्मोन्स, विटामिन डी और पाचन में सहायता करने वाले पदार्थों के उत्पादन के लिए आवश्यक है। हालांकि, कोलेस्ट्रॉल का स्तर जब सामान्य से अधिक हो जाता है तो इसके स्वास्थ्य पर कई दुष्प्रभाव हो सकते हैं। यही कारण है कि सभी लोगों को कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल में रखने वाले उपाय करते रहने की सलाह दी जाती है। हाई कोलेस्ट्रॉल का स्तर हृदय रोगों का कारण बन सकता है, पर इसके दुष्प्रभाव यहीं तक सीमित नहीं है। अगर इसे अनदेखा कर दिया जाए तो कई अन्य गंभीर और जानलेवा समस्याएं भी खड़ी हो सकती हैं।



### कम उम्र के लोगों में भी देखी जा रही है हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या

आमतौर पर कोलेस्ट्रॉल का नाम सुनते ही लोगों को लगता है कि यह सिर्फ बढ़ती उम्र या मोटापे से जुड़ी स्थिति है, लेकिन सच्चाई इससे कहीं अधिक गंभीर है। हाई कोलेस्ट्रॉल रक्त वाहिकाओं को जाम कर सकता है जिससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी जानलेवा समस्याओं का खतरा पैदा हो जाता है। कोलेस्ट्रॉल बढ़ने की दिक्कत सिर्फ उम्र बढ़ने से संबंधित नहीं है, कम उम्र यहां तक कि 20 की आयु वालों में भी हाई कोलेस्ट्रॉल की दिक्कत देखी जा रही है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ इसके कुछ लक्षणों के बारे में बताते हैं, जिनपर गंभीरता से ध्यान देना जरूरी है। इन्हें अनदेखा करना आपके लिए बड़ी मुसीबतों का कारण बन सकता है।


यहां गौर करने वाली बात ये भी है कि अधिकतर मामलों में हाई कोलेस्ट्रॉल के कोई स्पष्ट लक्षण नहीं दिखते, लेकिन शरीर कुछ संकेत जरूर देता है, जिन्हें पहचानना बेहद जरूरी है। कई मेडिकल शोधों के अनुसार, ये संकेत समय रहते दिख जाएं तो गंभीर जोखिमों को टाला जा सकता है।



### आंखों के आसपास दें ध्यान

कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का सबसे आम लक्षण आंखों के चारों ओर पीला जमाव है। आंखों की पलकों या आसपास की त्वचा पर पीले या सफेद वसायुक्त धब्बे दिखना कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का संकेत हो सकता है। यह लिपिड डिसऑर्डर से जुड़ा होता है। अगर आप इस तरह के लक्षणों को देख रहे हैं तो इसे अनदेखा न करें।

### हाथ-पैरों में सुन्नपन या झुनझुनी



हाई कोलेस्ट्रॉल की स्थिति रक्त प्रवाह को बाधित करने लगती है जिससे नसों में ऑक्सीजन की कमी हो जाती है। ये समस्या अगर लंबे समय तक बनी रहती है तो इसके कारण हाथों-पैरों में सुन्नपन या झुनझुनी हो सकती है। यह धमनियों में रुकावट की ओर इशारा करता है। हाथों-पैरों में होने वाली इस समस्या के बारे में डॉक्टर की सलाह जरूर ले लें।

### छाती में दर्द या भारीपन

कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से सबसे ज्यादा खतरा हृदय स्वास्थ्य को रहता है। धमनियों में कोलेस्ट्रॉल जमने से दिल को पर्याप्त रक्त नहीं मिल पाता, जिससे सीने में दर्द या दबाव महसूस हो सकता है। व्यायाम के दौरान ये दिक्कत अधिक महसूस होती है।



## मोबाइल फोन से बढ़ रहा है ब्रेन ट्यूमर का खतरा,जानिए इस तथ्य की हकीकत

ब्रेन हमारे शरीर का मास्टर अंग माना जाता है। सभी अंगों को किस प्रकार से काम करना है, भूख से लेकर नींद तक सब कुछ यहीं से कंट्रोल होता है। यही कारण है कि सभी लोगों को मस्तिष्क की सेहत को लेकर विशेष सावधानी और सतर्कता बरतते रहने की सलाह दी जाती है। दुर्भाग्यवश हमारे दिनचर्या की कुछ गड़बड़ आदतें ब्रेन के लिए कई प्रकार की समस्याओं का कारण बनती जा रही हैं। वैश्विक स्तर पर मस्तिष्क से संबंधित रोगों के बढ़ते जोखिम को कम करने और इसकी बीमारियों से बचाव को लेकर लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल वर्ल्ड ब्रेन डे मनाया जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, ब्रेन से संबंधित जो बीमारी सबसे ज्यादा चर्चा में रहती है वह है- ब्रेन ट्यूमर।

### मिथ- मोबाइल फोन बढ़ा रहे हैं ब्रेन ट्यूमर का खतरा



मोबाइल फोन के अधिक इस्तेमाल को कई प्रकार की बीमारियों को बढ़ाने वाला माना जाता है। अक्सर लोग तर्क देते हैं कि मोबाइल फोन से ब्रेन ट्यूमर की आशंका भी बढ़ जाती है, हालांकि नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट के मुताबिक ऐसा कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है जो इसकी पुष्टि करता हो। लंबे समय तक रेडिएशन के संपर्क में रहने से स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव जरूर पड़ सकता है, पर इससे ब्रेन ट्यूमर होने का जोखिम नहीं होता है।

### मिथ- माता-पिता में से किसी को रहा है ब्रेन ट्यूमर तो बच्चों को भी खतरा

डायबिटीज और हृदय रोग जैसी समस्याओं की तरह ही अक्सर ब्रेन ट्यूमर के भी आनुवांशिक जोखिमों को लेकर आशंका जताई जाती रही है। हालांकि इसको भी प्रमाणित करने के लिए पर्याप्त वैज्ञानिक साक्ष्य नहीं हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं कई प्रकार के पर्यावरणीय या जीवनशैली के कारक ब्रेन ट्यूमर के मुख्य कारण हैं। यह माता-पिता से बच्चों में पास होता हो इसके सबूत बहुत कम या न के बराबर हैं।

### मिथ- 60 से ऊपर के लोगों को ही होता है ब्रेन ट्यूमर

अगर आपको लगता है कि ब्रेन ट्यूमर की समस्या सिर्फ उम्रदराज लोगों को होती है तो यह गलत जानकारी आपको भ्रमित कर सकती है। ब्रेन ट्यूमर एक ऐसी बीमारी है जो बच्चों और वयस्कों दोनों में हो सकती है। निदान किए गए सभी ब्रेन ट्यूमर के मामलों में से लगभग 3.9 प्रतिशत मामले 0-14 वर्ष की आयु के बच्चों में होते हैं। इसलिए सभी आयुवर्ग के लोगों के लिए ब्रेन ट्यूमर के लक्षणों को समझना और जल्द से जल्द इलाज प्राप्त करना महत्वपूर्ण है।

### मिथ- ब्रेन ट्यूमर का मतलब आपको हो गया है कैंसर



ज्यादातर लोगों का मानना है कि ब्रेन ट्यूमर, कैंसरकारक होते हैं, पर यह पूरा सच नहीं है। ब्रेन ट्यूमर कैंसरयुक्त और गैर-कैंसरयुक्त दोनों प्रकार के हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त, केवल एक-तिहाई ब्रेन ट्यूमर ही कैंसर का रूप लेते हैं।

## प्याज की बदबू हाथों से जाती नहीं तो आजमाकर देखें मेटल सोप

खाना बनाना और खाना हर किसी को पसंद होता है, लेकिन खाना बनाते वक्त कुछ चीजों से आने वाली बदबू के कारण अधिकतर महिलाएं परेशान रहती हैं। अगर आप भी किचन में खाना बनाते वक्त प्याज-लहसुन या नॉन वेज के कारण आने वाली बदबू की वजह से परेशान रहती हैं, तो अब आपको और परेशान होने की जरूरत नहीं हैं। आपको मेटल सोप के बारे में जानना चाहिए, जिसका इस्तेमाल कर आप इन बदबू से राहत पा सकती हैं।

जानकारी के मुताबिक जो साधारण साबुन आप अपने घर में हाथ धोने या नहाने के लिए इस्तेमाल करती हैं उसमें आपको सोडियम या पोटेशियम नाम के केमिकल देखने को मिल सकते हैं, जिससे ये पानी में आसानी से घुल जाते हैं और झाग देने लगते हैं। वहीं बात करें मेटालिक सोप की तो यह एक धातु वाला साबुन है। जो कैल्शियम, जिंक, एल्युमीनियम जैसी धातुओं से बना हुआ है। यही कारण है की यह लम्बे समय तक चलता है और आसानी से नहीं घुलता है।

### लहसुन-प्याज की बदबू से पाएं छुटकारा

अगर आप लहसुन, प्याज, मछली या किसी भी ऐसी चीज की बदबू से परेशान हैं, तो अब आप मेटल सोप या स्टेनलेस स्टील साबुन का इस्तेमाल कर सकती हैं। आप अपने किचन में इस साबुन को जरूर रखें और जब आपके हाथों से खाना बनाने के दौरान लहसुन प्याज की बदबू आए, तब आप इस साबुन से अपने हाथों को धो सकती हैं। यही नहीं आप इस साबुन का इस्तेमाल




कर हाइजीन बनाए रख सकती हैं।

### मेटल सोप का इस्तेमाल

बता दें कि यह स्टेनलेस स्टील साबुन आपके हाथों से बदबू को बेअसर करने में आपकी मदद करेगी। हाथों से बदबू को कम करने के साथ साथ अगर आप इस मेटल सोप का इस्तेमाल करती हैं, तो यह आपके हाथों से बैक्टीरिया को भी दूर करने में काफी मदद करेगा। इस साबुन की मदद से आप अपने किचन की भी सफाई कर सकती हैं। इस साबुन से आप गैस स्टैंड भी साफ कर सकती हैं, इससे किचन में होने वाले बैक्टीरिया दूर होंगे।

## ऑफिस डेस्क पर फूल रखते समय न करें ये गलतियां



ऑफिस डेस्क पर फूल रखना बहुत अच्छा होता है, लेकिन अक्सर लोग ऑफिस डेस्क पर फूल रखते समय वास्तु से जुड़ी गलतियां कर देते हैं जिसके कारण नकारात्मक परिणाम झेलने पड़ जाते हैं।

ऑफिस डेस्क पर फूल रखते समय इस बात का ध्यान रखें कि हमेशा फूलों का मुख आपकी तरफ हो यानी कि फूल आपकी ओर झुके हुए हों न कि किसी अन्य दिश की ओर, नहीं तो इससे सकारात्मकता दूसरी ओर चली जाती है और आपकी तरफ नकारात्मक ऊर्जा का संचार बढ़ता है।

ऑफिस डेस्क पर फूल रखते समय इस बात का ध्यान रखें कि फूल मुरझाए हुए न हों। अगर अप फूल रखते हैं तो उनके मुरझाने से पहले ही बदल लें नहीं तो इससे न सिर्फ नकारात्मकता बढ़ती है बल्कि वास्तु शास्त्र के अनुसार, सफलता प्राप्ति में भी दिक्कतें आनी शुरू हो जाती हैं।

ऑफिस डेस्क पर फूल रखते समय इस बात का ध्यान रखें कि फूल कांटेदार न हों। ऐसा इसलिए क्योंकि कांटेदार फूल का डेस्क पर होना नौकरी के मामलों में भी बार-बार संकटों के आने को दर्शाता है। अगर अप गुलाब रखते हों डेस्क पर तो उसके कांटे हटाकर फिर ही रखें। ऑफिस डेस्क पर फूल रखते समय इस बात का ध्यान रखें कि फूल प्लास्टिक के न हों। वास्तु शास्त्र में प्लास्टिक को अशुद्ध धातु बताया गया है, ऐसे में उससे बने फूलों ओ ऑफिस डेस्क पर रखने से राहु का दुष्प्रभाव पड़ता है और नौकरी में बाधाएं आनी शुरू हो जाती हैं।

कार्नर न्यूज

आओ स्कूल चलें हम

# आपका बच्चा स्कूल जा रहा तो उसे कुछ बातें जरूर सिखाएं, बनेगा बेस्ट स्टूडेंट

गर्मियों की छुट्टियां अब खत्म हो चुकी है। ज्यादतर स्कूल खुल चुके हैं या फिर 1 जुलाई से खुलेंगे। ऐसे में छुट्टियों का लुत्फ उठा रहे बच्चों को शुरुआती दिनों में स्कूल जाने में कुछ दिक्कते आ सकती हैं। बच्चों की छुट्टियां खत्म होने के साथ ही अब समय हैं उन्हें फिर से एक अनुशासित रूटीन में लाने का और कुछ जरूरी कौशल सिखाने का। छुट्टियों के आखिरी कुछ दिन बेहद अहम होते हैं, जो बच्चे के मन, आदत और आत्मनिर्भरता को मजबूत बना सकते हैं। कुछ जरूरी बातें आपके जहन में होनी चाहिए, जो बच्चे को स्कूल शुरू होने से पहले जरूर सिखानी चाहिए।

### रूटीन में लौटने की आदत डालें

गर्मियों की छुट्टी में कुछ बच्चे सुबह देर से उठने लगते हैं। इसके साथ ही उनका दिन स्क्रीन टाइम में अधिक रहता है। छुट्टियों का रूटीन और स्कूल डे का रूटीन अलग-अलग होता है। स्कूल खुलने वाले हैं तो धीरे-धीरे उन्हें स्कूल टाइम रूटीन की आदत दिलाएं। इसमें सुबह समय पर उठना, ब्रश करना, नहाना और नाश्ता करना शामिल है।

### खुद से लंच करना

घर पर तो रोज माता-पिता या दादी-



नानी बच्चे को खाना खिलाते हैं लेकिन स्कूल में अपने लंच को संभालना, टिफिन को खोलना और खुद से खाना खाना होता है। उसे खुद से लंच करना, टिफिन खोलना-बंद करना और खाना गिराए बिना खाना सीखे। साथ ही रुमाल का उपयोग, खाने से पहले और बाद में हैंड वॉश और खाने के बाद हाथ पोंछना भी सिखाएं।

### बैग और सामान संभालना

बच्चे को अपना बैग उठाना, बॉटल, लंच बॉक्स रखना और जरूरी सामान पहचानना जरूर सिखाएं। स्कूल की किताबें और स्टेशनरी को सही से रखना भी जरूरी है।

### टॉयलेट हाइजीन सिखाएं

अगर आपका बच्चा पहली बार स्कूल जा रहा हैं तो उसे टॉयलेट जाने, फ्लश करने, हाथ धोने और पैंट सही से पहनने की आदत जरूर सिखाएं। यह



आत्मनिर्भरता का पहला कदम है। बच्चा छोटा है तो उसे सिखाएं कि टॉयलेट जाने के लिए टीचर को बताएं या परमिशन लें।

### मदद मांगना सिखाएं

बच्चे को अच्छे-बुरे स्पर्श, अजनबियों से बात न करना और जरूरत होने पर टीचर से मदद मांगना सिखाएं। जरूरी है कि बच्चा आत्मरक्षा और स्पष्टता को समझे व सीखे।

### शेयरिंग और केयरिंग

बच्चे को दोस्ती करना, सहपाठियों के साथ अपनी चीजें शेयर करने की सीख दें। इसके साथ ही लाइन में लगना, 'प्लीज़'और 'थैंक यू'कहना भी सिखाएं। इससे बच्चे का सामाजिक कौशल बेहतर होंगे।

### क्रिएटिविटी और दिलचस्पी जगाएं

बच्चे को स्कूल को लेकर उत्साहित करें। स्कूल की कहानियां बताएं, नई चीजें सीखने की बात करें। ताकि बच्चों के मन में स्कूल के लिए डर न रहे औरन जिज्ञासा बढ़ें।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## अलग हो रहे हैं डकोटा और क्रिस मार्टिन को लेकर अफवाहों का बाजार गर्म



'फिफ्टी शेड्स ऑफ ग्रे' अभिनेत्री डकोटा जॉनसन और कोल्डप्ले गायक क्रिस मार्टिन हाल ही में चर्चाओं में आ गए हैं। इस बार वजह है दोनों के ब्रेकअप की। सूत्रों के मुताबिक कहा जा रहा है कि दोनों के बीच आठ सालों का रिश्ता अब खत्म होने जा रहा है। इसकी कुछ वजहें भी सामने आई हैं। जानिए क्या है पूरी खबर।

हॉलीवुड स्टार्स डकोटा जॉनसन और क्रिस मार्टिन को मई महीने और भारत में महाकुंभ के दौरान एक साथ देखा गया था। साल 2017 से एक साथ रहने के बाद अब ये अलग हो रहे हैं। हालांकि, दोनों की तरफ से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। साल 2024 में सूत्रों ने पीपल को बताया कि दोनों ने सालों पहले सगाई कर ली थी। हालांकि, सगाई की अफवाह 2020 में भी सामने आई थी, लेकिन उस समय वे शादी करने को तैयार नहीं थे। पिछले साल अगस्त 2024 में भी इस जोड़े के अलग होने की अफवाहें सामने आई थीं, लेकिन उस समय, जॉनसन के एक प्रतिनिधि ने कथित तौर पर इन दावों को खारिज करते हुए कहा था कि वे खुशी से साथ रह रहे हैं। पीपल की रिपोर्ट के अनुसार, उसी समय एक सूत्र ने कहा, 'ज़रूर, उनके बीच पहले भी कुछ मुद्दे रहे हैं और उन्होंने ब्रेक भी लिया है, लेकिन अब सब ठीक है। वे दोनों अपने करियर से प्यार करते हैं। वे अपनी क्षमता के अनुसार चीजों को संतुलित कर रहे हैं।' वहीं बताते चलें कि दोनों ने अपने रिश्तों को बहुत ही प्राइवेट रखा है। हॉलीवुड अभिनेत्री डकोटा जॉनसन ने अपनी आगामी फिल्म के प्रचार-प्रसार के दौरान रिश्तों के बारे में अपने विचार रखे। उन्होंने कहा, 'लंबे समय से हम सभी रिश्तों को लेकर बहुत जल्दी निर्णय लेते रहे हैं कि उन्हें कैसे होना चाहिए, दुनिया में उनका अस्तित्व कैसे होना चाहिए, लोगों को कब शादी करनी चाहिए, तलाक बुरा है आदि। अगर इन सब चीजों के बारे में आप सोचते हैं, तो तलाक बुरा क्यों है? लोगों को शादी क्यों करनी चाहिए या एक निश्चित उम्र में या केवल एक बार? क्यों?

### टॉलीवुड

## विष्णु का 22 साल का इंतजार खत्म रजनी ने देखी 'कन्नप्पा' और लगाया गले



साउथ एक्टर विष्णु मांचू ने अपने सोशल मीडया हैंडल पर रजनीकांत के साथ दो शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ उन्होंने अपनी आगामी फिल्म 'कन्नप्पा' को लेकर एक पोस्टर शेयर किया है। साथ ही रजनीकांत से जुड़ी दिलचस्प बातों का भी खुलाया किया है।

विष्णु मांचू ने आज अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर रजनीकांत के साथ दो शानदार तस्वीरें शेयर कीं और कैप्शन में लिखा, 'कल रात, रजनीकांत अंकल ने कन्नप्पा देखी। फिल्म देखने के बाद, उन्होंने मुझे कसकर गले लगाया। उन्होंने मुझसे कहा कि उन्हें कन्नप्पा बहुत पसंद है। मैं एक अभिनेता के तौर पर 22 साल से उस गले मिलने का इंतजार कर रहा हूं!!! आज, मैं प्रोत्साहित महसूस कर रहा हूं। विनम्र और आभारी। कन्नप्पा 27 जून को आ रही है और मैं दुनिया को भगवान शिव के जादू का एहसास कराने के लिए इंतजार नहीं कर सकता।'

विष्णु मांचू की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'कन्नप्पा' का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है। इस फिल्म में विष्णु मांचू से लेकर प्रभास, मोहनाल, अक्षय कुमार, शरत कुमार, काजल अग्रवाल, अर्पित रांका, ब्रह्मानंदम, सप्तगिरी, मुकेश ऋषि, मधुबाला, ऐश्वर्या भास्करन, ब्रह्माजी, देवराज, रघु बाबू, शिव बालाजी, संपत राम, लवी पजनी, सुरेखा वाणी, प्रीति मुकुंदन, कौशल और अधर्स रघु जैसे कई कलाकार शामिल हैं। यह फिल्म 27 जून 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### भोजपुरी

## 'साली होना जरूरी है' ने रिलीज होते ही मचाया धमाल, एक लाख से ऊपर व्यूज



भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री में एक बार फिर धमाल मचा है, क्योंकि लोकप्रिय सिंगर शिल्पी राज के बहुप्रतीक्षित गाना ₹साली होना जरूरी है₹ ने रिलीज होते ही दर्शकों के दिलों में खास जगह बना ली है। इस गाने को मशहूर गायिका शिल्पी राज और लोकप्रिय सिंगर चांद जी ने अपनी सुरीली आवाज़ से सजाया है, जो रिलीज के साथ ही यूट्यूब और सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है। गाने में शीला के नाम से प्रसिद्ध यूट्यूब क्वीन बन्नू द ग्रेट और रियाज प्रेमी नज़र आ रहे हैं। 'साली होना जरूरी है' एक फुल एंटरटेनिंग गाना है, जो अपनी मस्ती भरे बोल, जोशीले संगीत और शानदार वीडियो के दम पर दर्शकों को बांधे रखने में पूरी तरह कामयाब रहा है। यदि आपने अभी तक नहीं देखा, तो जरूर देखें – यह गाना आपको झूमने पर मजबूर कर देगा।

गाने में बेहतरीन डांस देखने को मिला है, जिसका श्रेय कोरियोग्राफर अनुपम तिवारी और दीपक सिंह को जाता है। वहीं पोस्ट प्रोडक्शन और एडिटिंग में सिद्धार्थ कुमार और रोहित सिंह की तकनीकी दक्षता ने इस वीडियो को और शानदार बना दिया है। राजन कुमार ने मेकअप और सहायक निर्देशन में सहयोग देकर इसकी क्वालिटी को और निखारा है। यह धमाकेदार गाना आर वी एफ म्यूजिक के बैनर तले रिलीज किया गया है और इसका डिजिटल प्रमोशन ग्लोबल म्यूजिक जंक्शन द्वारा किया गया है। प्रोडक्शन का काम ओम शांति प्रोडक्शन के सतीश राज की देखरेख में पूरा किया गया।

## बुनकरों का कमाल




हैंडलूम बुटीक वीवर्स विलेज और केरल ओलंपिक एसोसिएशन के तहत निशागांधी ऑडिटोरियम तिरुवनंतपुरम में वीवर्स विलेज फैशन शो ने एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में जगह बनाई है। युवा एथलीटों के बीच बुनियादी ढांचे और प्रशिक्षण के अवसरों को बढ़ाने के लिए धन जुटाने के लिए यह आयोजन किया गया था। जहां भारतीयता के फैशन को खूब सराहा गया।

# बरसात में चेहरे की करें खास हिफाजत पिंपल्स और दाग-धब्बों से बचाएं

जून का महीना चल रहा है, ऐसे में बारिश ने कई जगहों पर मौसम काफी खुशनुमा कर दिया है। कई जगहों पर तो बारिश की वजह से जलभराव हो गया है, जिस कारण जनजीवन काफी प्रभावित हुआ है। ये मौसम वैसे तो काफी अच्छा होता है, लेकिन इस दौरान त्वचा पर काफी डैमेज हो जाती है। ऐसे में स्किन का खास ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है। यदि आप भी अपने चेहरे की चमक को खोना नहीं चाहते तो बारिश के मौसम में अपनी त्वचा का खास ध्यान रखें। यहां हम आपको मानसून में स्किन केयर करने के लिए कुछ टिप्स देने जा रहे हैं, ताकि आपका चेहरा भी खिला-खिला रहे।

### त्वचा को रखें साफ

बारिश के मौसम में स्किन को साफ रखना बेहद जरूरी है। यदि आप ऐसा नहीं करेंगे तो इसकी वजह से फंगल इंफेक्शन होने की संभावना बढ़ जाएगी। इस मौसम में त्वचा पर गंदगी काफी चिपकती है, इसलिए शाम को



सोने से पहले भी एक बार नहा लें। अगर नहा नहीं पा रहे हैं तो अपने चेहरे को माइल्ड क्लींजर की मदद से अच्छे से साफ करें।

### मॉइश्चराइजर है जरूरी

बारिश के मौसम में त्वचा काफी चिपचिपी हो जाती है, ऐसे में लोग मॉइश्चराइज का इस्तेमाल करना बंद कर देते हैं, जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए। इस मौसम में हल्के और जेल बेस्ड मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें, ताकि आपकी स्किन हाइड्रेट रहे। ऐसा न करने पर त्वचा की नमी खोने लगेगी।

### सनस्क्रीन को तो बिल्कुल न भूलें

बारिश के मौसम में भले ही धूप काफी कम हो जाती है, लेकिन यदि आप सनस्क्रीन का इस्तेमाल नहीं करेंगे तो इससे आपकी डैमेज होने लगेगी। इसलिए बारिश के मौसम में भी सनस्क्रीन को अपना दोस्त बनाकर रखएं, ताकि धूप की किरणें आपको नुकसान न पहुंचा सकें।

### हफ्ते में दो बार स्क्रब

बारिश का मौसम शुरू होने से पहले ये जान लें कि इस मौसम में हफ्ते में कम से कम दो बार स्क्रब करना बेहद जरूरी है। यदि आप ऐसा नहीं करेंगे तो आपकी स्किन की डीप क्लीनिंग नहीं हो जाएगी, जिस कारण चेहरे पर मुंहासों जैसी दिक्कते बढ़ सकती हैं।

## ऑफिस और कॉलेज में चाहिए न्यू लुक, तो कुर्ती इस तरह करें स्टाइल



कुर्ती ऑफिस और कॉलेज में पहनने के लिए एक बेस्ट ऑप्शन है। अगर आप कुर्ती में सुंदर नजर आना चाहती हैं, तो इस आर्टिकल में दी गई स्टाइलिश टिप्स को फॉलो कर सकती हैं।



हर महिला चाहती है कि वह खूबसूरत और सबसे अलग दिखे। इसके लिए व यूनिक लुक अपनाना पसंद करती है। अगर आप भी ऐसा चाहती हैं, तो आप कुर्ती स्टाइल कर सकती हैं। कुर्ती न सिर्फ स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट है, बल्कि इसमें आप कंफर्टेबल भी रहती हैं। अगर आप ऑफिस या कॉलेज जाने के दौरान कुर्ती स्टाइल करने का सोच रही हैं और न्यू लुक चाहती हैं, तो आप इस आर्टिकल में दिखाई गई कुर्ती स्टाइल कर सकती हैं।

**प्रिंटेड कुर्ती:** अगर आप अपने ऑफिस में अलग नजर आना चाहती हैं, तो आप इस तरह की खूबसूरत प्रिंटेड कुर्ती वियर कर सकती हैं। इस कुर्ती में आपका लुक सुंदर नजर आएगा और आप अलग भी नजर आएंगी। यह कुर्ती आप ऑनलाइन या ऑफलाइन इन दोनों जगहों से ले सकती हैं और ये आपको इन दोनों ही जगहों पर सस्ते दाम में मिल जाएंगी। इस कुर्ती को आप पेंट स्टाइल सलवार के साथ वियर कर सकती हैं। साथ ही, एक्सेसरीज में झुमके और फुटवियर में आप फ्लैट्स स्टाइल कर सकती हैं।

**फ्लोरल प्रिंटेड कुर्ती:** अगर आप कॉलेज गोइंग गर्ल है और एक जैसे कपड़ें पहनकर बोर हो गया है, तो आप फ्लोरल प्रिंट कुर्ती का चुनाव कर सकती हैं। फ्लोरल प्रिंट कुर्ती काफी ट्रेंड में है और इस तरह की कुर्ती में आपका लुक अलग और सुंदर भी नजर आता है। इस कुर्ती को आप कई सारे डिजाइन ऑप्शन बाजार से सस्ते दाम में खरीद सकती हैं। इस तरह की कुर्ती में स्टाइलिश नजर आने के लिए आप लॉन्ग इयरिंग्स और फुटवियर में हील्स पहन सकती हैं।

**कॉलर डिजाइन कुर्ती:** इस तरह की कॉलर डिजाइन कुर्ती ऑफिस और कॉलेज दोनों ही जगहों पर पहनने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकती हैं। यह प्रिंटेड कुर्ती कॉलर नेक डिजाइन में आती है और इस कुर्ती को स्टाइल करने के बाद हर कोई आपके लुक की तारीफ करेगा। यह कुर्ती आप बाजार या ऑनलाइन प्लेटफार्म दोनों ही जगहों पर सस्ते दाम में मिल सकती हैं।

## बार-बार सिर पसीने से भीग जाता है तो ये नुस्खे करेंगे कमाल

मौसम चाहे गर्मी हो या फिर बारिश का, पसीने और चिपचिपेपन से ज्यादातर लोग परेशान रहते हैं। दिक्कत तब आती है, जब पसीना आना रुकता ही नहीं है। शरीर पर आए पसीने को तो हम लोग पाउडर लगाकर रोक लेते हैं। उसकी बदबू दूर करने के लिए परफ्यूम इस्तेमाल कर लेते हैं, पर दिक्कत सामने आती है उन लोगों के जिनके स्कैल्प यानी कि सिर पर पसीना आता है। स्कैल्प पर पसीना आने पर आप सिर्फ बालों को धोकर इस परेशानी से निजात पा सकते हैं और हर दिन बाल धोना संभव नहीं है।

### एलोवेरा जेल

यदि आपके घर में एलोवेरा का पौधा लगा है तो उसके इस्तेमाल से आप स्कैल्प का पसीना सुखा सकते हैं। इसके लिए बाल धोने से पहले अपने स्कैल्प पर अच्छी तरह से ताजा एलोवेरा जेल अप्लाई करें। 20 मिनट के बाद अपने बालों को धो लें और फिर असर देखें। एलोवेरा जेल में पाए जाने वाले एंटीबैक्टीरियल और कूलिंग तत्व पसीने को रोकते हैं और



पसीने की बदबू को भी कम करते हैं।

### नीम का पानी

यदि आपके घर के पास नीम का पेड़ लगा है तो इससे बेहतर विकल्प आपके लिए हो नहीं सकता। दरअसल, नीम एंटीसेप्टिक होता है, इसलिए इसके इस्तेमाल से स्कैल्प पूरी तरह से साफ भी होगा और पसीना भी थम जाएगा। इस्तेमाल के लिए सबसे पहले नीम की पत्तियों को धोकर उबाल लें। अब इस पानी को ठंडा करके इससे सिर धोएं। इससे आपको अवश्य ही राहत मिलेगी।

## कड़ा पायल डिजाइन आपके पैरों की खूबसूरती में लगा देंगे चार चांद

चेहरे की खूबसूरती को बरकरार रखने के साथ-साथ अधिकतर महिलाएं हाथ और पैर की खूबसूरती को भी बरकरार रखने के लिए कई प्रयास करती हैं। आप भी अपने पैरों को खूबसूरत बनाना चाहती हैं तो खूबसूरत कड़ा पायल डिजाइन आपके लिए है, जिन्हें देखते ही आपका उस पर दिल आ जाएगा।

### विंटेज कड़ा एंकल ब्रेसलेट

ट्रेडिशनल से लेकर एथेनिक आउटफिट तक पायल हर तरह की ड्रेस और साड़ी के साथ आपके लुक को खास बनाने में बहुत मदद करती है। ऐसे में आप इस खूबसूरत विंटेज कड़ा एंकल ब्रेसलेट को ट्राई कर अपने पैरों की खूबसूरती को बढ़ा सकती है। इस तरह के पायल आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल सकते हैं।

### फूट कड़ा एंकल ब्रेसलेट

यही नहीं आप अगर डेली वियर में कड़ा पायल पहनना चाह रही है, तो आपके लिए यह खूबसूरत ऑक्सिडाइज फूट कड़ा एंकल ब्रेसलेट एक बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। इसे भी आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं। डेली वेयर के अलावा आप इसे किसी भी फंक्शन में अपने ट्रेडिशनल या एथनिक आउटफिट के साथ भी शामिल कर सकती हैं।



### कस्टमाइज्ड कड़ा पायल

अपने लुक को भीड़ से हटकर दिखाने के लिए और अपनी खूबसूरती में चार चांद लगाने के लिए आप इस खूबसूरत कस्टमाइज्ड कड़ा पायल को भी ट्राई कर सकती है। इसकी डिजाइन आपके लुक को स्टाइलिश बनाने के साथ-साथ आपके पैरों की खूबसूरती में चार चांद लगा देगी। आप इसे ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

**कार्नर न्यूज**

### ज्यादातर लड़कियां जल्दबाजी में कर देती हैं कुछ फैशन मिस्टेक

# कॉर्पोरेट लुक को सबसे अलग और यूनिक बनाने की हसरत में कुछ गलतियों से बचें, बढ़ेगी रौनक

अपने कॉरपोरेट लुक को खास बनाने के लिए महिलाएं कई प्रयास करती हैं। वे अपने आउटफिट से लेकर मेकअप और एक्सेसरीज तक हर एक चीज परफेक्ट तरीके से डिसाइड करती हैं। ऐसे में अगर आप भी कॉरपोरेट लुक को खास बनाने के लिए काफी कोशिशें करती है, तो आपको कुछ ऐसी फैशन मिस्टेक से बचना होगा, जो अधिकतर लड़कियां कर देती है।

### इन फैशन मिस्टेक को करने से बचें

अगर आप भी अपने कॉर्पोरेट लुक को सबसे अलग और यूनिक बनाना चाहती हैं, तो कुछ गलतियों को करने से बचे। सबसे पहला और जरूरी आप हमेशा एक जैसे कपडे और एक ही कलर के कपडे पहनने के बजाय कुछ यूनिक और नया जरूर ट्राई करें। आप ना तो ज्यादा टाइट कपडे पहने और ना ही ज्यादा ढीले कपडे पहने। यही नहीं आप चाहें तो न्यूट्रल कलर्स के कपड़े भी शामिल कर सकती हैं।



### ड्रेस के साथ फुटवियर का भी रखें ध्यान

कॉर्पोरेट माहौल में आपकी ड्रेसिंग सेंस बहुत मायने रखती हैं। ऐसे में अगर आपने कपड़े अच्छे पहने हैं, लेकिन फुटवियर आपके कपड़ों से मेल नहीं खा रहा है, तो इससे भी आपका कॉर्पोरेट लुक ख़राब हो सकता है। अगर आप फॉर्मल ड्रेस पहन रही हैं, तो अपने फॉर्मल लुक के साथ आप फॉर्मल शूज हील्स या साफ और पॉलिश किए हुए लेदर बूट्स पहन सकती हैं।

### खूबसूरत एक्सेसरीज का करें चुनाव

इसके अलावा जब भी आप ऑफिस में पहनने के लिए कपड़े चुने तो लाउड प्रिंट्स और चमकीले रंग के कपड़े पहनने से बचे। ऐसे कपडे भी आपके लुक को ख़राब कर सकते हैं। इसके अलावा आप अपने कॉर्पोरेट लुक को गॉर्जियस बनाने के लिए अपने आउटफिट के हिसाब से खूबसूरत एक्सेसरीज भी चुन सकती हैं। एक्सेसरीज का गलत चुनाव आपके लुक को ख़राब कर सकता है।



### हैवी मेकअप करने से बचें

इसके अलावा आप हमेशा अपने स्किन टोन के हिसाब से ही मेकअप प्रोडक्ट का इस्तेमाल करें और ऑफिस में हैवी मेकअप करने के बजाय लाइट मेकअप करें। ऑफिस में अगर आप हैवी मेकअप कर के जाती हैं, तो ऐसा करने से भी आपका इम्प्रेस ख़राब हो सकता है। इससे आपका लुक क्लासी और मॉडर्न बनेगा। इन गलतियों को सुधार कर आप अपने कॉर्पोरेट लुक को गॉर्जियस बना सकती हैं। ड्रेस के साथ फुटवियर का भी रखें ध्यान

कॉर्पोरेट माहौल में आपकी ड्रेसिंग सेंस बहुत मायने रखती हैं। ऐसे में अगर आपने कपड़े अच्छे पहने हैं, लेकिन फुटवियर आपके कपड़ों से मेल नहीं खा रहा है, तो इससे भी आपका कॉर्पोरेट लुक ख़राब हो सकता है। अगर आप फॉर्मल ड्रेस पहन रही हैं, तो अपने फॉर्मल लुक के साथ आप फॉर्मल शूज हील्स या साफ और पॉलिश किए हुए लेदर बूट्स पहन सकती हैं।